E PAPER

# थिंक राजस्थान

सोच नई, राजस्थान के लिए

वर्ष: 01 | अंक: 13 | पृष्ठ: 8 | अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | जयपुर, सोमवार 27 जुलाई, 2026 | मूल्य: ₹10.00 | प्रभात | RNI NO. RJMUL/26/A4290

## पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष रथीन्द्र बोस ने किया राजस्थान विधानसभा का अवलोकन

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से रविवार को यहां विधानसभा में पश्चिम बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष रथीन्द्र बोस ने मुलाकात की। संग्रहालय को देखा देवनानी ने बोस को राजस्थान विधानसभा के राजनीतिक आख्यान संग्रहालय को दिखाया।

देवनानी ने पश्चिम बंगाल के स्पीकर को संग्रहालय में राजस्थान के राजनीतिक इतिहास, लोकतांत्रिक विकास, स्वतंत्रता आंदोलन, रियासतों के एकीकरण तथा राजस्थान विधानसभा की गठन यात्रा से संबंधित विभिन्न दीर्घाओं का अवलोकन कराया।

संग्रहालय में आधुनिक तकनीक के माध्यम से राजस्थान के राजनीतिक एवं विधायी इतिहास की बोस ने सराहना की। देवनानी ने बोस को राजस्थान विधानसभा के भवन और सदन का भी अवलोकन कराया। सदन की कार्यप्रणाली, विधायी परंपराओं और विधानसभा की विभिन्न गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और पश्चिम बंगाल विधानसभा अध्यक्ष रथीन्द्र बोस के बीच विभिन्न विधायी एवं संसदीय विषयों पर चर्चा हुई।

## बांदा पुलिस ने मुठभेड़ के बाद रेप के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, दो कांस्टेबल भी घायल



बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा के शहर कोतवाली के तिंदवारा बाईपास के पास भवानी पुरवा में रविवार सुबह 10 से 11 बजे के बीच मुठभेड़ के बाद पुलिस ने रेप के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान एजाज (25) और नरेश (50) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि एजाज के बाएं पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस मुठभेड़ और गिरफ्तारी के बीच दो कांस्टेबल को भी चोट आई है, जिन्हें भी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अधिकारी ने बताया कि 24 जुलाई को 16 वर्षीय किशोरी मरका से अपने ननिहाल जाने के लिए अकेले निकली थी। किशोरी देर शाम बांदा बस स्टाप पर पहुंची थी। किशोरी को फतेहपुर के नरेनी अपने ननिहाल जाना था।

ऑटो ड्राइवर नरेश ने किशोरी को नरेनी छोड़ने की बात कह कर रात 9 बजे ऑटो में में बिठा लिया और एक घंटे तक इधर-उधर घुमाता रहा। इस बीच ड्राइवर का साथी एजाज मिला जो ऑटो में बैठ गया। इसके बाद दोनों किशोरी को लेकर एक सुनसान स्थान पर ले गए।

जहां एजाज ने किशोरी के साथ रेप किया। इसी बीच किशोरी चिल्लाने लगी तो एजाज ने उसका गला दबा दिया। इस पर पीड़िता ने एजाज के हाथ में दांत से काट लिया और वहां से भाग कर एक ढाबे पर पहुंची। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ढाबे पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचित किया।

# शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी मिलने पर प्रह्लाद जोशी बोले, प्रधानमंत्री ने मुझ पर पूरा भरोसा जताया



नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार संभालने के बाद प्रह्लाद जोशी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन पर 'पूरा भरोसा' जताया है और इसीलिए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने कहा कि वे शिक्षा विभाग से जुड़ी सभी जानकारियों की समीक्षा के लिए लगातार बैठकें कर रहे हैं। केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शिक्षा मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाली है। यह जिम्मेदारी धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद उन्हें मिली है, जिन्होंने पेपर लीक को लेकर देशभर में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच इस्तीफा दिया था। पद संभालने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए जोशी ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने मुझ पर पूरा भरोसा जताया है और मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है। मैं कल कर्नाटक में था, रात को यहां पहुंचा और आज सुबह पद संभालने और मंत्रालय का काम देखने के लिए यहां आया हूं।'

उन्होंने कहा, 'मैंने पूरे मंत्रालय को समझने की कोशिश की है। रविवार सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक मैंने लगातार बैठकें कीं। यह विषय मेरे लिए नया है, इसलिए इसे पूरी तरह समझने के बाद मैं आपसे विस्तार से बात करूंगा।'

इससे पहले, सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में जोशी ने कहा, 'आज मैंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के तौर पर पदभार संभाला। मुझ पर भरोसा करने और मुझे यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी का आभारी हूं।'

उन्होंने कहा, 'मैं इसे विनम्रता और कर्तव्य की गहरी भावना के साथ स्वीकार करता हूं।' जोशी की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब शिक्षा मंत्रालय पर जनता और राजनीतिक हलकों की कड़ी नजर है। कई प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर जवाबदेही की मांग करते हुए छात्र बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

राष्ट्रपति सचिवालय ने शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान के जरिए धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की पुष्टि की। बयान के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सलाह पर धर्मेंद्र प्रधान का केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया। यह इस्तीफा संविधान के अनुच्छेद 75(2) के तहत स्वीकार किया गया।

राष्ट्रपति ने साथ ही प्रह्लाद जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा है। शिक्षा मंत्रालय का प्रमुख होने के साथ-साथ वे अपने मौजूदा 'खाद्य और उपभोक्ता मामलों' के मंत्रालय का काम भी देखते रहेंगे। प्रधान का इस्तीफा केंद्रीय मंत्रिमंडल में एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि वे उस समय शिक्षा मंत्रालय का नेतृत्व कर रहे थे जब कथित पेपर लीक और परीक्षा से जुड़े विवादों को लेकर छात्रों में भारी असंतोष था। पदभार संभालने के बाद प्रह्लाद जोशी के सामने सबसे बड़ी चुनौती शिक्षा मंत्रालय के कामकाज में निरंतरता बनाए रखने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े मुद्दों पर छात्रों और अभिभावकों का विश्वास बहाल करना माना जा रहा है।

मंत्रालय के अधिकारियों के साथ हुई प्रारंभिक बैठकों में विभिन्न लंबित मामलों, परीक्षा प्रणाली, उच्च शिक्षा, स्कूली शिक्षा तथा चल रही योजनाओं की समीक्षा किए जाने की जानकारी सामने आई है। जोशी ने संकेत दिए कि किसी भी विषय पर विस्तृत टिप्पणी करने से पहले वे मंत्रालय की कार्यप्रणाली और वर्तमान परिस्थितियों का व्यापक अध्ययन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी पहलुओं को समझने के बाद ही आगे की रणनीति और आवश्यक निर्णयों पर विचार किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, मंत्रालय की नियमित योजनाओं और शैक्षणिक कार्यक्रमों को बिना किसी बाधा के जारी रखने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। इस बीच, प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के मामलों को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाएं लगातार सामने आ रही हैं।

## सीएम नायडू ने टीडीपी कार्यकर्ताओं को दिया घर-घर पहुंचने का निर्देश, गठबंधन सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाने पर जोर



अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एन. चंद्रबाबू नायडू ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य में गठबंधन सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों को हर घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को बताएं कि सरकार ने चुनाव के दौरान किए गए वादों को किस तरह पूरा किया। सोमवार से पूरे राज्य में शुरू होने वाले 45 दिवसीय डोर-टू-डोर अभियान से पहले मुख्यमंत्री ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ टेलीकॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक की। इस दौरान उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए और कहा कि मंत्री, सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) सहित पूरी पार्टी मशीनरी इस अभियान में सक्रिय रूप से हिस्सा ले। सीएम नायडू ने कहा कि जिस तरह चुनाव के समय कार्यकर्ता घर-घर जाकर वोट मांगने और पार्टी के वादों को समझाने गए थे, उसी तरह अब लोगों को यह बताना जरूरी है कि गठबंधन सरकार अपने वादों को पूरा कर रही है। यदि जनता के मन में कोई सवाल या संदेह हो, तो उसे सरल भाषा में दूर किया जाए। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि 2024 के विधानसभा चुनाव में जनता ने गठबंधन को ऐतिहासिक जनादेश दिया था। उन्होंने कहा कि गठबंधन ने 94 प्रतिशत सीटों पर जीत हासिल की और 57 प्रतिशत वोट प्राप्त किए। उन्होंने दावा किया कि पिछली सरकार अपनी गलत नीतियों और विनाशकारी फैसलों के कारण 151 सीटों से घटकर सिर्फ 11 सीटों पर सिमट गई। सीएम नायडू ने कहा कि मौजूदा गठबंधन सरकार जनता के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही है और हर फैसले में लोगों की राय को महत्व दे रही है। उन्होंने आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में गठबंधन की सभी सीटों पर जीत का लक्ष्य रखते हुए कार्यकर्ताओं से पूरी जिम्मेदारी और समर्पण के साथ काम करने की अपील की।

## मणिपुर में पांच उग्रवादी और दो ड्रग तस्कर गिरफ्तार, भारी मात्रा में हथियार और नशीले पदार्थ जब्त



इंफाल। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में राज्य भर में चलाए गए अलग-अलग अभियानों के दौरान अलग-अलग विद्रोही संगठनों से जुड़े पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को बताया कि भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया और दो ड्रग तस्करों को पकड़ा। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांच उग्रवादी कांग्लेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी, कांगलेई यावोल कन्ना लुप और यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट से जुड़े हैं। ये उग्रवादी किडनैपिंग और जबरदस्ती फिरौती वसूलने जैसी कई आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे। इन्हें इंफाल ईस्ट, काकचिंग और थोउबल जिलों में अलग-अलग ऑपरेशन के दौरान पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि थोउबल जिले के थोउबल बाजार से यूएनएलएफ के दो एक्टिव सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। शुरुआती जांच से पता चला कि ये दोनों प्रतिबंधित संगठन के लिए नए सदस्य भर्ती करने में शामिल थे। गिरफ्तार किए गए यूएनएलएफ सदस्यों की पहचान मुतुम सीताराज सिंह उर्फ सैमलांग (31) और थोउनाओजाम राकेश मैतेई उर्फ अमुबा उर्फ पंगेंगकपा (35) के तौर पर हुई है। ऑपरेशन के दौरान इन दोनों उग्रवादियों द्वारा इस्तेमाल की जा रही मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार भी जब्त की गई। एक और बड़े ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने इंफाल-जिरीबाम नेशनल हाईवे (एनएच-37) पर इंफाल वेस्ट जिले के पटसोई लमखाई में एक हाईवे ऑटो केयर वर्कशॉप पर छापा मारा और साबुन के 30 डिब्बों में 346 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर बरामद की, जिसकी कीमत 50 लाख रुपए से ज्यादा है। वर्कशॉप के सह-मालिकों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान ओडिशा के रहने वाले शेख सलाउद्दीन (46) और इंफाल वेस्ट जिले के रहने वाले चोंगथम अनिल कुमार सिंह (38) के तौर पर हुई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, इंफाल वेस्ट और उखरुल जिलों में चलाए गए दो अलग-अलग सर्च ऑपरेशन में सुरक्षा बलों ने हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक भी बरामद किए। बरामद सामान में दो मॉडिफाइड .303 राइफल, चार बोल्ट-एक्शन सिंगल-बैरल बंदूकें, चार 9एमएम पिस्तौल, एक चीनी हैंड ग्रेनेड, एक स्थानीय रूप से बनी 'पोम्पी' बंदूक, एक 12-बोर राइफल, अलग-अलग कैलिबर के नौ जिंदा कारतूस, एक घर में बना मोर्टार शेल, एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस और 15 बैरल कारतूस शामिल थे। इस बीच, केंद्रीय और राज्य एजेंसियों वाली सुरक्षा बलों ने उग्रवादियों के खिलाफ अपनी सख्त कार्रवाई जारी रखी है। इसके तहत मणिपुर के बाहरी इलाकों, मिली-जुली आबादी वाले क्षेत्रों और अन्य संवेदनशील इलाकों में बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन और एरिया डोमिनेशन एक्सरसाइज की जा रही हैं। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के तहत, घाटी और पहाड़ी जिलों में उग्रवादियों, असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गाड़ियों की आवाजाही रोकने के लिए कुल 112 नाके और चेकपॉइंट बनाए गए हैं।

## मोहाली में NEET पास 882 सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों और अभिभावकों का सम्मान


मोहाली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान रविवार को मोहाली के जीरकपुर पहुंचे, जहाँ आयोजित एक भव्य राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में उन्होंने NEET-UG परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करने वाले सरकारी स्कूलों के 882 विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने स्वयं विद्यार्थियों और उनके परिवारों से मुलाकात कर उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि की बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम मान ने कहा कि पंजाब के प्रशासनिक व शैक्षणिक इतिहास में यह पहला अवसर है, जब इतनी बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों के बच्चों ने NEET जैसी कठिन राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की अनवरत मेहनत, अभिभावकों के समर्पण और शिक्षकों के उच्च स्तरीय प्रशिक्षण को दिया। पेपर लीक की वजह से कई होनहार विद्यार्थियों का मनोबल टूटा।

## पढ़ाई में पीछे छूटे बच्चों को मुख्यधारा में लाएगी यूपी सरकार, कैच-अप शिक्षण अभियान को मिलेगी नई गति

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने बुनियादी शिक्षा में अधिगम अंतर (लर्निंग गैप) को समाप्त करने के लिए कैच-अप शिक्षण अभियान को और प्रभावी बनाने का निर्णय लिया है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों, बीआरसी, बीएसए कार्यालयों और डायट में कैच-अप शिक्षण, निपुण लक्ष्य, कक्षा शिक्षण की 10 प्रभावी प्रथाओं तथा रीडिंग कैंपेन से संबंधित आईईसी सामग्री 31 जुलाई तक प्रदर्शित की जाएगी। योगी सरकार का मानना है कि विद्यालयों में एक समान शैक्षणिक संदेश और स्पष्ट अधिगम लक्ष्य उपलब्ध होने से शिक्षकों के कार्य को दिशा मिलेगी और बच्चों के सीखने के परिणामों में सुधार आएगा। कैच-अप शिक्षण, निपुण लक्ष्य, कक्षा शिक्षण की प्रभावी प्रथाओं और रीडिंग अभियान को एकीकृत रूप से लागू कर योगी सरकार प्रदेश में बुनियादी शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाई देने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

## दिल्ली: खुले नाले में कार गिरने से राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी और आर्मी ऑफिसर के बेटे की मौत





नई दिल्ली। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज (नांगल देवत) इलाके में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ बारिश के कारण फिसलन भरी सड़क पर कार अनियंत्रित होकर एक खुले नाले में गिरकर पलट गई। हादसे में राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी और भारतीय सेना के ब्रिगेडियर के 20 वर्षीय पुत्र यशवेंद्र सिंह की दुखद मौत हो गई। पुलिस और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, यशवेंद्र सिंह अमेरिका की इंडियाना यूनिवर्सिटी (Kelley School of Business) में पढ़ाई कर रहा था और लगभग 10 दिन पहले ही छुट्टियों में भारत आया था। उसके पिता भारतीय सेना में ब्रिगेडियर हैं और वर्तमान में कोलकाता में तैनात हैं। यशवेंद्र दिल्ली में हौज खास स्थित आर्मी गेस्ट हाउस में अपने नाना का इलाज कराने के सिलसिले में उनके साथ ठहरा हुआ था। शुक्रवार तड़के करीब 6 बजे यशवेंद्र अपनी महिला मित्र (जो अमेरिका की उसी यूनिवर्सिटी में उसके साथ पढ़ाई करती है) को उसके घर वसंत कुंज छोड़ने जा रहा था। हादसे की वजह: नांगल देवत रेड लाइट के पास तीखे मोड़ पर बारिश के कारण सड़क पर काफी फिसलन थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नांगल देवत के पास का यह खुला नाला लंबे समय से हादसों को न्योता दे रहा है।

## मुख्यमंत्री ने आदिवासी महिलाओं के साथ सुना प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर के सांगानेर में आदिवासी समाज की महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 136वें एपिसोड को सुना। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' देश के करोड़ों नागरिकों को सकारात्मक सोच, राष्ट्र निर्माण और जनभागीदारी से जोड़ने का माध्यम बन चुका है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनका पराक्रम प्रत्येक भारतीय के लिए राष्ट्रभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा है। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के अनुरूप रक्षा उत्पादन, स्वदेशी तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भारत की निरंतर बढ़ती क्षमता का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय रक्षा उपकरणों और तकनीक पर दुनिया का विश्वास मजबूत हो रहा है। प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, 'एक पेड़ मां के नाम', 'वोकल फॉर लोकल', खादी, हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों तथा जनभागीदारी आधारित अभियानों को विकसित भारत की मजबूत नींव बताते हुए नागरिकों से इन्हें जनआंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। उन्होंने विज्ञान, अंतरिक्ष, खेल, युवाओं की उपलब्धियों और स्थानीय नवाचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि 140 करोड़ देशवासियों की सामूहिक शक्ति, सकारात्मक सोच और सक्रिय सहभागिता ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री प्रत्येक माह देश के दूर-दराज क्षेत्रों में समाज, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, कृषि, नवाचार और जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले सामान्य नागरिकों की प्रेरक कहानियों को पूरे देश के सामने लाते हैं। इससे सेवा, समर्पण और नवाचार की संस्कृति को नई ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिलाओं के सशक्तिकरण, देश के महापुरुषों के आदर्शों, युवाओं की भूमिका तथा विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी के महत्व पर विशेष बल दिया। साथ ही आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक नागरिक से राष्ट्रभक्ति के इस महापर्व में उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाने तथा 9 अगस्त से 14 अगस्त तक आयोजित होने वाले 'हर घर तिरंगा' अभियान और तिरंगा यात्राओं से जुड़ने का आह्वान किया। बिना किसी पेपर लीक के पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं आयोजित की गई हैं।

## संपादकीय

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रोडवेज की 144 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर के अजमेर रोड स्थित हीरापुरा बस टर्मिनल से रोडवेज की 144 नई बसों को पूजन के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बस चालकों के साथ संवाद करते हुए ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार सभी संकल्पों एवं वादों को पूरा करते हुए जनकल्याण से जुड़े प्रत्येक क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगातार सार्वजनिक परिवहन सेवा का विस्तार किया जा रहा है, ताकि आमजन को सुरक्षित, सुलभ और सुविधाजनक यात्रा उपलब्ध हो सके। हमारी सरकार की प्राथमिकता प्रदेश के हर कोने में परिवहन सुविधा पहुंचाना है। आज रवाना की गई 144 नई बसों के संचालन से प्रदेश के लाखों यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के प्रभावी प्रबंधन और पारदर्शी कार्यप्रणाली के कारण राजस्थान रोडवेज घाटे से निकलकर लाभ की स्थिति में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने वित्तीय अनुशासन स्थापित कर रोडवेज कर्मचारियों को समय पर वेतन देना सुनिश्चित किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित और यात्री सुविधाओं के अनुरूप विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि नई बसों के संचालन से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क बेहतर होगा तथा दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी आवागमन की अधिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इससे विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों, किसानों और आम यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। उन्होंने रोडवेज अधिकारियों और कर्मचारियों से यात्रियों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने का आह्वान करते हुए कहा कि समयबद्ध संचालन, स्वच्छता, सुरक्षा और यात्रियों के साथ बेहतर व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान रोडवेज केवल परिवहन का माध्यम नहीं, बल्कि प्रदेश के लाखों नागरिकों के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसलिए सेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार परिवहन क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग को भी बढ़ावा दे रही है। यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल सेवाओं का विस्तार, बसों के संचालन की प्रभावी



निगरानी तथा बेहतर प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई बसों के शामिल होने से रोडवेज की परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी और यात्रियों को अधिक विश्वसनीय एवं सुगम परिवहन सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नई बसों के चालकों और परिचालकों को सुरक्षित एवं जिम्मेदारीपूर्ण ढंग से सेवाएं देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के सभी नियमों का पालन करते हुए यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को बसों के नियमित रखरखाव और संचालन व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, रोडवेज के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति रही। नई बसों को हरी झंडी दिखाने के बाद मुख्यमंत्री ने उनके सफल संचालन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार भविष्य में भी परिवहन सेवाओं के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक कदम उठाती रहेगी, ताकि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण और सुलभ सार्वजनिक परिवहन उपलब्ध कराया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल बसों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि सार्वजनिक परिवहन को अधिक आधुनिक, विश्वसनीय और यात्री-केंद्रित बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती परिवहन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से नए वाहनों को रोडवेज बेड़े में शामिल किया जा रहा है।

## पंडित नवलकिशोर शर्मा कॉलेज में 'गुरुवंदन' कार्यक्रम आयोजित : भारत पुन: विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

दौसा। पंडित नवलकिशोर शर्मा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दौसा में 'गुरुवंदन' कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के जिला संघचालक भगवान सहाय सैनी ने प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा और गुरुकुल पद्धति का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने जीवन पथ पर गुरु की अपरंपार महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि देश के निर्माण और उत्थान में शिक्षकों का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भारत का है और हमारा देश पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर से घर-घर तक पहुंच रही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं : विधायक जेठानंद व्यास




**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने रविवार को गणेश विहार स्थित नव विकसित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से आमजन को अपने घर के निकट ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। विधायक व्यास ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के परिणामस्वरूप स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हुआ है। बीते ढाई वर्षों में बीकानेर के जिला अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। यहां आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता के साथ अनेक नई प्रकार की शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन) शुरू हुई हैं, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार स्थानीय स्तर पर ही मिल रहा है। इसके अलावा शहर के अन्य सरकारी चिकित्सा संस्थानों में भी आधारभूत सुविधाओं और चिकित्सा सेवाओं का विस्तार किया गया है। इस दौरान किशन चौधरी, दिनेश चौहान, रामकुमार व्यास, कमल सांखला, ब्रजरतन हर्ष, तुलसीदास पारीक, नरेन्द्र नाथ पारीक, दिलीप बोथरा, इन्द्र कुमार ओझा, नितेश रंगा, मदन हर्ष, किशन ओझा, रमेश जोशी, मूल सुथार, सुरेन्द्र हर्ष, नंदू हर्ष, मंजू सुथार, नुकरा महाराज, सुरेन्द्र ओझा, निरमा खींची, आशाराम गुप्ता, राधा रानी ओझा आदि मौजूद रहे।

## जोधपुर में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के दीक्षारंभ सत्र में शामिल हुईं उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को जोधपुर स्थित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के दीक्षारंभ सत्र 2026-27 में सहभागिता कर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक एवं आवासीय सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सावित्रीबाई फुले छात्रावास का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का



संदेश दिया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए दिया कुमारी ने उत्कृष्ट शिक्षा, संवैधानिक मूल्यों, नैतिक नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ज्ञान, न्याय और नेतृत्व के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करते हुए देश को उत्कृष्ट विधि विशेषज्ञ और जिम्मेदार नागरिक प्रदान करती रहेगी।

अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ-साथ करियर, व्यक्तित्व विकास और समसामयिक विषयों पर भी ध्यान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां युवाओं के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखकर बनाई जा रही हैं और विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं के विचार और सुझाव महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में वाइस चांसलर हरप्रीत कौर, रजिस्ट्रार सुनीता पंकज, फैकल्टी मेंबर एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

## केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने रामगढ़ स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में विधिवत पूजा

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने शनिवार को अलवर जिले के रामगढ़ स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में बाबा श्याम के दर्शन एवं पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की तथा ग्राम टोडली स्थित श्री उदासीन मंगल आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम में शिरकत कर पूज्य महंत श्री ब्रह्ममुनि महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री ने कहा कि बाबा श्याम का मंदिर लाखों श्रद्धालुओं के लिए आस्था के केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थल समाज में धार्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण करते है। उन्होंने आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा पाठ का श्रवण कर कहा कि श्रीमद्भागवत कथा से प्राप्त आध्यात्मिक संदेश समाज में प्रेम, सेवा, सद्भाव और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस दौरान विधायक राजगढ सुखवंत सिंह सहित प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# कारगिल विजय सैनिकों के सर्वोच्च बलिदान का अमर प्रतीक-राज्यपाल



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

जोधपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि कारगिल विजय दिवस केवल एक सैन्य विजय का स्मरण नहीं, बल्कि राष्ट्र की अस्मिता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा के लिए भारतीय सैनिकों द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान, अदम्य साहस और अटूट राष्ट्रनिष्ठा को कृतज्ञतापूर्वक नमन करने का पावन अवसर है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1999 में भारतीय सेना द्वारा संचालित 'ऑपरेशन विजय' विश्व के सबसे कठिन सैन्य अभियानों में से एक था, जिसमें कारगिल, द्रास एवं बटालिक की दुर्गम एवं बर्फाच्छादित चोटियों पर पाकिस्तान समर्थित घुसपैठियों के कब्जे से सामरिक महत्व के क्षेत्रों को भारतीय सैनिकों ने उत्कृष्ट सैन्य रणनीति, अनुशासन, अदम्य मनोबल और अप्रतिम पराक्रम के बल पर पुनः राष्ट्र के अधिकार में स्थापित किया। यह विजय केवल रणभूमि की सफलता नहीं, बल्कि भारतीय सेना की रणनीतिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रभक्ति का विश्व पटल पर गौरवपूर्ण उद्घोष भी थी। राज्यपाल बागडे रविवार को कारगिल विजय दिवस की 27वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में क्रीड़ा भारती, जोधपुर प्रांत द्वारा मेहरानगढ़ फोर्ट की तलहटी स्थित रावटी-घोड़ा घाटी में आयोजित 'ऑपरेशन विजय कारगिल-2026' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि भारतीय सेना साहस, अनुशासन, सेवा और बलिदान की जीवंत प्रतीक है। हमारे वीर जवान तपते मरुस्थलों से लेकर हिमालय की दुर्गम बर्फीली चोटियों तथा समुद्री सीमाओं तक प्रत्येक परिस्थिति में राष्ट्र की सुरक्षा के लिए समर्पित भाव से कर्तव्य निर्वहन करते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सदियों से शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति की भूमि रहा है। बप्पा रावल, महाराणा सांगा, महाराणा प्रताप, मेजर शैतान सिंह तथा कंपनी हवलदार मेजर पीरू सिंह जैसे अमर वीरों की गौरवशाली परम्परा आज भी राष्ट्रसेवा का मार्ग प्रशस्त करती है। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में भारतीय सेना द्वारा संचालित टाइगर हिल अभियान सहित प्रमुख सामरिक चोटियों पर हुए संघर्ष का सांकेतिक एवं नियंत्रित पुनर्प्रस्तुतीकरण किया गया।

## शेपिंग फ्यूचर के डायरेक्ट स्पोंसरशिप मॉडल से 82 छात्रों का संवरा भविष्य

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। शेपिंग फ्यूचर के डायरेक्ट स्पॉन्सरशिप मॉडल से 82 विद्यार्थी चार्टर्ड अकाउंटेंसी, चिकित्सा एवं इंजीनियरिंग जैसी प्रतिष्ठित व्यावसायिक शिक्षा पूर्ण कर देश की अग्रणी कंपनियों तथा संस्थानों में 12 लाख से 93 लाख प्रति वर्ष तक के आकर्षक वार्षिक पैकेज पर सेवाएं देने लगे हैं।

शेपिंग फ्यूचर की खासबात यह है कि इसका पूर्णतः पारदर्शी डायरेक्ट स्पॉन्सरशिप मॉडल है, जिसमें प्रत्येक प्रायोजक छात्र की फीस सीधे उसके शिक्षण संस्थान में जमा कराता है। इस व्यवस्था ने समाज में विश्वास और उत्तरदायित्व का एक नया मानदंड स्थापित किया है।

लगभग साढ़े चार साल से जरुरतमंद मेधावी छात्रों को अध्ययन सहयोग के लिए कार्यरत शेपिंग फ्यूचर संस्था द्वारा देश भर के 1000 से अधिक मेधावी छात्रों को 10.5 करोड़ का छात्रवृति के रुप में वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराया जा चुका है।

# केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद कांग्रेस ने निकाला विजय जुलूस; 'छात्रों के संघर्ष और लोकतंत्र की जीत' का दिया संदेश




**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

दौसा। नीट (NEET) और सीबीएसई (CBSE) परीक्षा धांधली व अनियमितताओं के खिलाफ शनिवार शाम दौसा में कांग्रेस द्वारा आयोजित होने वाला कैंडल मार्च, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर आते ही ऐतिहासिक विजय जुलूस में बदल गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ़ के नेतृत्व में यह विजय जुलूस शहर के नेहरू पार्क से प्रारंभ होकर गांधी तिराहे तक निकाला गया। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा झंडा थामकर नारेबाजी की और जीत का जश्न मनाया। विजय जुलूस के समापन पर गांधी तिराहे पर सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ़ ने कहा-नीट और सीबीएसई परीक्षा धांधली के खिलाफ देश भर के छात्रों का लंबे समय से चल रहा संघर्ष आखिरकार रंग लाया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री का इस्तीफा इस बात का प्रमाण है कि छात्र शक्ति और जन-आंदोलन के आगे सरकार को झुकना ही पड़ा। यह देश के करोड़ों युवाओं के भविष्य की सुरक्षा और भारतीय लोकतंत्र की ऐतिहासिक जीत है। इस विजय जुलूस में दौसा जिले के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शामिल हुए।

प्रमुख रूप से उपस्थित रहे नेता-डी.सी. बैरवा (दौसा विधायक), जी.आर. खटाणा (बांदीकुई के पूर्व विधायक), हीरालाल सैनी (जिला प्रमुख), अजीत सिंह (पूर्व जिला प्रमुख), घनश्याम शर्मा (अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमेटी), मुकेश राणा (जिला कांग्रेस प्रवक्ता)।

## कारगिल विजय दिवस - राजस्थान विधानसभा में शहीदों को पुष्पांजलि

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के तत्वावधान में जिला प्रशासन, 7 राज बटालियन एनसीसी, पूर्व सैनिक कल्याण सहकारी समिति तथा पूर्व सैनिकों के सहयोग से रविवार को पब्लिक पार्क स्थित शहीद स्मारक में कारगिल विजय दिवस 2026 समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वीर चक्र सम्मानित पूर्व सैनिकों एवं वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि देने से हुई।

इसके बाद वीरांगनाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल अभय कुमार गुप्ता ने कारगिल युद्ध के अपने अनुभव साझा करते हुए देश की रक्षा में सैनिकों के योगदान को याद किया तथा पूर्व सैनिकों और एनसीसी कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, वेटरन अधिकारी, एनसीसी कैडेट्स एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सभी अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



## छठवां प्रतिभा सम्मान समारोह व दक्ष प्रजापति शोभायात्रा, 55 मेधावी विद्यार्थियों एवं प्रतिभाओं का किया सम्मान

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बयाना। प्रजापति विकास सेवा समिति, वैर के तत्वावधान में आज 26 जुलाई (रविवार) को कस्बा वैर स्थित देव मैरिज होम, हलैना रोड पर तहसील स्तरीय छठवां प्रतिभा सम्मान समारोह किया गया । जिसमें 55 मेधावी छात्र छात्राओं एवं समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया । आज सायं 5 बजे से दक्ष प्रजापति शोभायात्रा का आयोजित किया जाएगा। समारोह प्रातः 11 बजे से प्रारंभ से प्रारंभ होकर सांय 4 बजे तक चला। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम में प्रजापति (कुम्हार) समाज के प्रतिभाशाली 55 छात्र-छात्राओं, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित अभ्यर्थियों, राजकीय सेवा में चयनित युवाओं तथा सेवानिवृत्त राजकीय कर्मचारियों का सम्मान किया गया । सम्मान के लिए सत्र 2025-26 में 10वीं एवं 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा में 65 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले तथा NEET, IIT एवं NIT में चयनित विद्यार्थियों को शामिल किया गया । मुकेश प्रजापत पार्षद वैर ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष (राज्यमंत्री) प्रहलाद टांक, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता मदन प्रजापत रहे । समारोह में भरतपुर जिले के विशिष्ट अतिथियों के रूप में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित मौजूद रहे।



उन्होंने विद्यार्थियों से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रजापति विकास सेवा समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह समाज में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करने का सराहनीय प्रयास है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है और अन्य युवा भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

## राजस्थान/ प्रादेशिक

# जयपुर में भारत टैक्सी का विधिवत शुभारंभ : भारत टैक्सी स्वामित्व और सम्मान प्रदान करने का सशक्त माध्यम, सारथी बनेंगे मालिक



**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत टैक्सी नागरिकों को रोजगार देने के साथ ही स्वामित्व और सम्मान प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। व्यक्ति में स्वामित्व की भावना विकसित होने से उसकी कार्यक्षमता, आत्मविश्वास और समर्पण भी कई गुना बढ़ जाता है और यही भावना भविष्य में छोटे उद्यमियों को बड़े उद्योगपति बनने की दिशा में प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी सहकारिता आधारित स्वामित्व मॉडल है, जिसके माध्यम से सारथी अब मालिक भी बन रहे है। मुख्यमंत्री शनिवार को एचसीएम रीपा में भारत टैक्सी के शुभारम्भ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की दूरदर्शी सोच से देश में 'सहकार से समृद्धि' का संकल्प नए आयाम स्थापित कर रहा है। केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य सरकार भी इसी सोच को धरातल पर लागू कर रही है तथा सहकारिता के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। हमारी सरकार ने लगभग 10 लाख नए सदस्यों को सहकारी संस्थाओं से जोड़ने का कार्य किया है, जबकि पूर्ववर्ती सरकार के समय सहकारिता सीमित लोगों के नियंत्रण का माध्यम बन गई थी। कार्यक्रम में सहकार टैक्सी को-ऑपरेटिव द्वारा आरसीडीएफ, नगर निगम, जयपुर मेट्रो एवं राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। इस दौरान 6 सर्वश्रेष्ठ सारथियों को शेयर प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने भारत टैक्सी के 100 से अधिक कैब, बाइक और ऑटो के समूह को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि भारत टैक्सी में वाहन चालक सारथी के रूप में स्वयं भागीदार और सहस्वामी हैं। इससे उनकी आय पर किसी प्रकार के अतिरिक्त कमीशन या अन्य कटौती नहीं होगी और उन्हें अपनी मेहनत का पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में पांच लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे उनके अधिकारों की रक्षा और भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि जयपुर में भारत टैक्सी के सॉफ्ट लॉन्च के बाद अब तक 30 हजार से अधिक सारथी इससे जुड़ चुके हैं तथा लगभग सात लाख ग्राहक इस प्लेटफॉर्म का हिस्सा बन चुके हैं।

## सरदारशहर में 16 अगस्त को होगा राजपूत समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित



**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। सरदारशहर में आज रविवार को श्री करणी राजपूत छात्रावास में 16 अगस्त को होने वाले भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह तथा लाइब्रेरी उद्घाटन को लेकर स्थायी समिति की आवश्यक बैठक पूर्व प्रधान भीखसिंह राजासर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न समितियों का गठन कर सभी को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में समाज के संगठनात्मक कार्यों को अधिक मजबूत बनाने, छात्रावास के विकास तथा विद्यार्थियों के हित में संचालित गतिविधियों को गति देने सहित अनेक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में छात्रावास अध्यक्ष जगदीश सिंह हरपालसर, रणवीर सिंह हरपालसर, पार्षद मदन सिंह निर्वाण, अनोपसिंह शिमला, नरपाल सिंह रणसीसर, पृथ्वीसिंह कल्याणपुरा सहित समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आयोजन की तैयारियों को लेकर स्वागत, मंच व्यवस्था, अतिथि सत्कार, भोजन, प्रचार-प्रसार, पंजीकरण, यातायात, सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया।

## सहकारिता बन रही ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला-केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री

जयपुर। केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र देश के सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि सहकारिता अब केवल ऋण और साख समितियों तक सीमित नहीं रही, बल्कि कृषि, डेयरी, मत्स्य, बीमा, निर्यात और परिवहन सहित अनेक क्षेत्रों में आमजन के सशक्तीकरण का आधार बन रही है।

सहकारिता आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत आधारशिला बन चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में स्वतंत्र सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद देश में सहकारिता क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुएहैं। पिछले पांच वर्षों में मंत्रालय द्वारा पैक्स के कम्प्यूटरीकरण, ई-पैक्स व्यवस्था, बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के विस्तार तथा किसानों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने के लिए नई संस्थाओं का गठन शामिल है। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारत टैक्सी सहकारिता मंत्रालय की एक अभिनव पहल है, जिसमें 'सारथी ही मालिक' की अवधारणा को साकार किया गया है।

## एस.एम.एस. अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का हुआ शुभारंभ , अब दवाइयों के लिए मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। केन्द्रीय सहकारिता राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल, प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक एवं केन्द्रीय सहकारिता सचिव आशीष कुमार भूटानी ने शनिवार को सवाई मान सिंह अस्पताल परिसर स्थित चरक भवन में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारम्भ किया। मरीजों की बढती मांग एवं आमजन को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता की दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कॉनफैड द्वारा अस्पताल परिसर में यह दूसरा स्टोर प्रारम्भ किया है। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री ने कहा कि चरक भवन स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र पर अभी 600 से अधिक दवाइयां उपलब्ध कराई गई हैं और शीघ्र ही इसे बढाकर 1500 तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टोर पर जो दवाइयां एवं सर्जिकल आइटम्स उपलब्ध करवाए जा रहे है वे बाजार में प्रचलित मूल्य से 50 से 80 प्रतिशत तक कम हैं। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2013 में आदेष जारी किए हुए है।

## मालूंगा में दिनदहाड़े फायरिंग, पत्थर कटिंग यूनिट पर हमला, तोड़फोड़ कर फैलाई दहशत

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

मथानिया। मथानिया थाना क्षेत्र के मालूंगा गांव में शनिवार शाम पुरानी आपसी रंजिश को लेकर एक पत्थर कटिंग यूनिट पर फायरिंग और तोड़फोड़ की सनसनीखेज वारदात सामने आई। दो बोलेरो कैंपर में सवार होकर आए 10-12 हमलावरों ने यूनिट पर धावा बोलते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग की तथा मशीनों व अन्य सामान में जमकर तोड़फोड़ की। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही तिंवरी चौकी प्रभारी एएसआई प्यारेलाल ने मथानिया थानाधिकारी तुलसी चौधरी और एसीपी अनिल शर्मा को अवगत कराया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लेकर जांच शुरू की। एएसआई प्यारेलाल ने बताया कि वारदात शनिवार शाम करीब चार बजे हुई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर फायरिंग और तोड़फोड़ से जुड़े साक्ष्य जुटाए।

## बीकानेर मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल ने सादुलशहर, बनवाली एवं श्रीगंगानगर स्टेशन का किया निरीक्षण

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। मंडल रेल प्रबंधक गौरव गोविल ने रविवार को बीकानेर मंडल के सादुलशहर, बनवाली एवं श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशनों का निरीक्षण कर विभिन्न विकास एवं परिचालन कार्यों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने सबसे पहले सादुलशहर स्टेशन का दौरा किया। उन्होंने स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, टिकट बुकिंग कार्यालय, पैनल कक्ष सहित विभिन्न यात्री सुविधाओं का निरीक्षण कर स्टेशन पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।



इसके पश्चात उन्होंने बनवाली स्टेशन का निरीक्षण किया तथा गुड्स शेड का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को व्यापारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर माल ढुलाई बढ़ाने एवं माल राजस्व में वृद्धि के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। अपने दौरे के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने श्रीगंगानगर रेलवे स्टेशन का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन के पुनर्विकास का प्रथम चरण पूर्ण हो चुका है। लगभग 20.60 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन भवन का आधुनिकीकरण, प्रवेश एवं निकास मार्गों का पृथक्करण, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण, दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों के लिए पृथक पार्किंग, बुकिंग कार्यालय, रिटायरिंग रूम, नए शौचालय ब्लॉक तथा अन्य यात्री सुविधाओं का उन्नयन किया गया है।

# सरदारशहर स्काउट संघ जिला परिषद के वार्षिक अधिवेशन में विशिष्ट गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर सम्मानित

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**



सरदारशहर। सरदारशहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में आज राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला परिषद चूरू का चतुर्थ अधिवेशन आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी संतोष महर्षि की अध्यक्षता तथा राज्य मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

अधिवेशन में जिले भर के स्काउट-गाइड पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा शिक्षाविदों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डीईओ माध्यमिक सज्जन सैनी, डीईओ प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत, डाइट प्रिंसिपल देवकरण सिंह, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष चन्द्र सोनगरा, समाजसेवी शिवरतन सर्राफ तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कविता शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संघ के सचिव बाबूलाल स्वामी ने बताया कि स्थानीय स्काउट संघ द्वारा समय-समय पर जिला, मंडल एवं राज्य स्तर की विभिन्न गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। जिसके कारण जिला मुख्यालय की ओर से उत्कृष्ट प्रदर्शन पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीओ स्काउट महिपाल सिंह तंवर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में रतनगढ़ मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी संदीप ब्यास, सहायक राज्य संगठन आयुक्त रामजस लिखाला, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी बृजेन्द्र दाधिच, अरूणा शर्मा, पुष्पा पूनिया, सरोज पारीक, इंदुबाला वर्मा सहित अनेक स्काउट-गाइड उपस्थित रहे। संचालन सचिव बाबूलाल स्वामी ने किया।

## क्या फिर बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम, जयपुर 113.97

**जयपुर, थिंक राजस्थान**

जयपुर। देशभर में रविवार, 26 जुलाई 2026 को भी पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार तेजी बनी हुई है और इसका भाव फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है।

इसके बावजूद देश की तेल विपणन कंपनियों ने उपभोक्ताओं को राहत देते हुए ईंधन के दाम पुराने स्तर पर ही बनाए रखे हैं।

हालांकि राजस्थान, बिहार, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और केरल सहित कई राज्यों में पेट्रोल की कीमत 110 रुपये प्रति लीटर से ऊपर बनी हुई है। वैश्विक बाजार में भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति को लेकर बनी अनिश्चितता के कारण कच्चे तेल की कीमतों में एक बार फिर तेजी देखने को मिल रही है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल महंगा होने के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में फिलहाल कोई वृद्धि नहीं की गई है।

# कंवरसेन नहर में पानी चोरी से टेल के किसानों पर संकट, वाचमैन पर हमले के बाद भी नहीं थमे चोर




**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। सिंचाई के लिए जीवनरेखा मानी जाने वाली कंवरसेन नहर और उसकी वितरिकाओं से डिग्गियों व साइफन के जरिए पानी की अवैध निकासी लगातार बढ़ती जा रही है। शिकायतों और पुलिस कार्रवाई के बावजूद रसूखदार लोग रात के अंधेरे में साइफन लगाकर पानी चोरी कर रहे हैं, जिससे नहर के अंतिम छोर (टेल) के किसानों को पर्याप्त सिंचाई जल नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि सिंचाई की निर्धारित बारी से ठीक एक रात पहले पानी चोरी होने के कारण नहर का जलस्तर घट जाता है। इसका सीधा असर टेल क्षेत्र के किसानों पर पड़ता है, जहां मोघों के जरिए पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता और फसलें प्रभावित हो रही हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि करीब दस दिन पहले रात्रिकालीन गश्त के दौरान विभाग के एक वाचमैन पर पानी चोरों ने जानलेवा हमला कर दिया था। हमले में वाचमैन गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बावजूद पानी चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक माह पूर्व एक्सईएन की ओर से पानी चोरी रोकने के लिए 5 से 7 सदस्यीय विशेष निगरानी समिति का गठन किया गया था, लेकिन किसानों का आरोप है कि यह समिति भी जमीनी स्तर पर प्रभावी साबित नहीं हुई है। लगातार हो रही चोरी से किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। किसानों ने विभाग से रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने, संवेदनशील स्थानों पर कड़ी निगरानी रखने और पानी चोरी करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि टेल क्षेत्र तक सिंचाई का पानी सुचारू रूप से पहुंच सके।

"पानी चोरी रोकने के लिए विभाग प्रयासरत है और दो मामलों में कार्रवाई भी की गई है। चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्होंने गश्त टीम के वाचमैन पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।" "विभाग स्तर पर हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। हाल ही में पानी चोरी के दो मामले महाजन थाने में दर्ज करवाए गए हैं। आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।"

ललित कुमार स्वामी सहायक अभियंता, आईजीएनपी (महाजन)

# अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही अंत्योदय प्रन्यास का लक्ष्य है

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

सरदारशहर। सरदारशहर के पींचा गेस्ट हाउस में अंत्योदय प्रन्यास सरदारशहर इकाई की बैठक भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं प्रन्यास के जिलाध्यक्ष पंकज गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

भारत माता की प्रतिमा के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर बैठक का शुभारंभ किया गया।

अतिथियों का स्वागत एवं परिचय उद्बोधन डॉ.अविनाश पारीक ने दिया। अंत्योदय प्रन्यास के सचिव इंजीनियर रवि आर्य ने प्रन्यास के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की प्रस्तावना रखी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए पंकज गुप्ता ने अंत्योदय प्रन्यास के गठन की रूपरेखा एवं उद्देश्यों को स्पष्ट करते हुए कहा की अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति को सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ कार्यकर्ताओं द्वारा पहुंचाना चाहिए।

वर्तमान में राजस्थान सरकार की दो योजनाओं से शुरुआत करना जिसमें मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना एवं वरिष्ठ नागरिकों को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों में यात्रा करने पर विशेष रियायत संबंधी योजना जो लाभान्वित नहीं है उस तक पहुंचाना।

बैठक का संचालन किशन जांगिड़ ने किया। बैठक में अमरचन्द मीणा, गौरीशंकर शर्मा, जितेंद्र शर्मा, प्रदीप दीक्षित, मुकेश सेवदा,



प्रकाश भाकर, पवन सैनी, राजकरण सोनी, गिरधारी सैनी, घनश्याम भोजक, सुशील गोस्वामी, अभिषेक भोजक, दुनीचंद जोशी, वैद्य महेंद्र शर्मा, सुखलाल नाई, विनोद बगड़िया, राकेश टाक, दीपक बैद, गंगाधर टाक, मदन तंवर, सम्पत डोसी, अरविंद पूर्वा, बाबूलाल प्रजापत,विकास पारीक,अशोक भाटी,किशन मोयल,विक्रम जोशी, सुखराम सारण, मुकेश राव, शेरनाथ सिद्ध, शंकर लाल सोनी आदि

# बारानी खेत में बुवाई के दौरान पलटा ट्रैक्टर, ग्रामीणों की सूझबूझ से बची चालक की जान

**एजेंसी, थिंक राजस्थान**

बीकानेर। लूणकरणसर तहसील के रतनीसर गांव की रोही में रविवार को बारानी खेत में बुवाई के दौरान एक ट्रैक्टर अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया, लेकिन मौके पर मौजूद किसानों और ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते मदद मिलने से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार रतनीसर निवासी मोहन पुत्र गिरधारीलाल अपने खेत में ट्रैक्टर से बुवाई कर रहा था। इसी दौरान खेत की असमतल सतह पर ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। ट्रैक्टर पलटते ही चालक उसके नीचे दब गया। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास खेतों में काम कर रहे किसान और ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

सभी ने मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे दबे चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। चालक को मामूली चोटें आईं और उसकी जान बच गई। ग्रामीणों का कहना है कि हाल की बारिश के बाद खेतों की मिट्टी काफी नरम हो गई है। कई स्थानों पर खेतों की सतह ऊबड़-खाबड़ और असमतल होने से ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ने का खतरा बढ़ जाता है।



थिंक राजस्थान



## मनोरंजन समाचार

## कौन हैं दर्शन जरीवाला? 'बदसूरत' कहकर वेडिंग एनिवर्सरी पर पत्नी अपरा मेहता को छोड़ा



अपरा मेहता टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। अपरा मेहता ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 1998 में 'अल्पविराम' से की थी, मगर उन्हें एकता कपूर के हिट टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने पहचान दिलाई। स्मृति ईरानी स्टारर इस डेली सोप में अपरा मेहता ने सविता मनसुख विरानी का किरदार निभाया था। इस बीच अपरा एक बार फिर चर्चा में हैं। मगर इस बार उनके चर्चा में होने की वजह कोई शो नहीं बल्कि उनकी पर्सनल लाइफ है। दिग्गज अभिनेत्री ने हाल ही में अपने पति और एक्टर दर्शन जरीवाला से अलग होने के उस किस्से के बारे में खुलकर बात की, जिसने उनका दिल बुरी तरह तोड़ दिया था। उन्होंने दर्शन जरीवाला की वो बात याद की, जो उन्होंने उनसे उनकी वेडिंग एनिवर्सरी के दिन कही थी और इसके बाद से ही वो और दर्शन जरीवाला अलग रहने लगे। अपरा मेहता ने अपने पति दर्शन जरीवाला के बारे में क्या कहा, ये जानने से पहले आपको दर्शन जरीवाला के बारे में बताते हैं। दर्शन जरीवाला एक मशहूर एक्टर हैं, जो फिल्मों, टीवी और थिएटर की दुनिया में अपने बेहतरीन अभिनय के लिए मशहूर हैं। दर्शन जरीवाला को 2007 में 'गांधी, माय फादर' में महात्मा गांधी का किरदार निभाने के लिए 'सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता' का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुका है। उनकी अपकमिंग फिल्मों की बात करें तो अब वह 'गबरू' में नजर आएंगे, जो इसी साल रिलीज होगी।

## 'इंडियन आइडल 16' के टॉप 6 फाइनलिस्ट्स का खुलासा, लेकिन ग्रैंड फिनाले में नहीं दिखेंगे विशाल ददलानी



कई महीनों के परफॉर्मेंस, इमोशनल पलों और प्रेरणादायक कहानियों के बाद इंडियन आइडल सीजन 16 रविवार, 26 जुलाई को अपने ग्रैंड फिनाले के साथ खत्म होने वाला है। 'यादों की प्लेलिस्ट' थीम पर आधारित यह फिनाले संगीत, पुरानी यादों और जश्न से भरी शाम का वादा करता है, जिसमें छह फाइनलिस्ट में से कोई एक इंडियन आइडल की शानदार ट्रॉफी जीतेगा। हालांकि, 'इंडियन आइडल 16' के ग्रैंड फिनाले में विशाल ददलानी नहीं दिखेंगे। उन्होंने खुद इसके पीछे की वजह भी बताई है। अंशिका चोनकर, ज्योतिर्मयी नायक, मनराज वीर सिंह, मायस्मे बोसू, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला ने पूरे सीजन में जजों और दर्शकों को प्रभावित करने के बाद कॉम्पिटिशन में जगह बनाई है। जज विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और बादशाह ने पूरे कॉम्पिटिशन के दौरान कंटेस्टेंट का मार्गदर्शन किया है, जबकि होस्ट आदित्य नारायण ने शो को हर पड़ाव पर आगे बढ़ाया है। ग्रैंड फिनाले में कई खास मेहमान भी शामिल होंगे। श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ जश्न मनाने के लिए उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर भी आएंगे, जिससे फिनाले और भी शानदार होने वाला है। विशाल लंबे समय से विवादों में बने हुए हैं और अब शो में अपनी गैरमौजूदगी के कारण चर्चा में हैं। जी हां, विशाल ददलानी इस शो के फिनाले में नजर नहीं आएंगे। फिनाले से पहले विशाल ददलानी ने हिन्दुस्तान टाइम्स को बताया: 'यह सीजन शानदार टैलेंट और कुछ वाकई यादगार परफॉर्मेंस से भरा रहा है, जिस चीज ने मुझे सबसे ज्यादा प्रभावित किया। वह है कंटेस्टेंट्स की सीखने, अपनी सीमाओं को पार करने और हर परफॉर्मेंस के साथ बेहतर बनने की इच्छा। ग्रैंड फिनाले तक पहुंचना ही अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है और हमारे टॉप 6 फाइनलिस्ट में से हर एक ने कड़ी मेहनत और लगन से अपनी जगह बनाई है। मुझे बहुत दुख है कि पहले से तय कामों की वजह से मैं फिनाले का हिस्सा नहीं बन सका, लेकिन मैं उन सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं और उम्मीद करता हूं कि वे इंडियन आइडल के बाद भी संगीत बनाते रहेंगे।'

## भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया नया इंडियन गेम शो होस्ट करने को तैयार, मजेदार प्रोमो रिलीज



भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया एक नए एंटरटेनमेंट शो 'इंडियन गेम शो विद भारती एंड हर्षः जहां दोस्तों को फंसाएंगे और आपको हंसाएंगे।' के साथ धमाका करने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को मेकर्स ने शो का पहला प्रोमो जारी किया, जिससे दर्शकों को शो की एक झलक मिली। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक शो के प्रीमियर की तारीख का खुलासा नहीं किया है। 'इंडियन गेम शो' सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा और सोनी लिव पर स्ट्रीम होगा। सोशल मीडिया पर प्रोमो बहुत पसंद किया जा रहा है, जिसमें भारती-हर्ष का पूरा परिवार भी साथ में नजर आ रहा है। सोशल मीडिया यूजर्स और सेलेब्रिटीज ने शो के पहले प्रोमो पर रिएक्ट करते हुए अपनी एक्साइटमेंट दिखाई है।

# समृद्धि शुक्ला ने रिश्तों में बराबरी पर रखी बात, बोलीं- घर और बच्चों की जिम्मेदारी दोनों की होनी चाहिए

टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री समृद्धि शुक्ला इन दिनों अपने शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में अभिरा के किरदार को लेकर दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अपनी दमदार एक्टिंग के साथ-साथ वह अपनी सोच और सामाजिक मुद्दों पर खुलकर बात रखने के लिए भी जानी जाती हैं। इस बीच उन्होंने घर-परिवार, शादी और रिश्तों में जिम्मेदारियों के बंटवारे को लेकर अपनी राय साझा की है।

समृद्धि ने कहा कि आज के समय में भी कई महिलाओं से उम्मीद की जाती है कि वे घर और बाहर दोनों की जिम्मेदारियां अकेले संभालें, जबकि परिवार चलाने की जिम्मेदारी पति-पत्नी दोनों की बराबर होनी चाहिए। समृद्धि शुक्ला ने महिलाओं पर पड़ने वाले अतिरिक्त दबाव के बारे में बात की।

उन्होंने कहा, आज भी कई महिलाएं ऐसी हैं, जिनसे हर काम को संभालने की उम्मीद की जाती है। उनसे कहा जाता है कि वे बच्चों की देखभाल करें, अगर चाहें तो नौकरी करें और फिर घर लौटकर पूरे परिवार की जिम्मेदारी भी निभाएं। कई बार महिलाएं खुद खाना नहीं बनातीं,



फिर भी उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे घर की हर व्यवस्था पर नजर रखें, कुक से बात करें, घर के कामों को मैनेज करें और सुनिश्चित करें कि सब कुछ सही तरीके से चलता रहे।

उन्होंने कहा, इस तरह की सोच को बदलने की जरूरत है। जब दो लोग शादी के बंधन में बंधते हैं, तो वे मिलकर एक नई जिंदगी की शुरुआत करते हैं।

दोनों एक ही घर में रहते हैं, घर की सुविधाओं का इस्तेमाल करते हैं और बच्चों की परवरिश में भी दोनों की बराबर भागीदारी होती है। ऐसे में यह सही नहीं है कि किसी एक व्यक्ति से ज्यादा जिम्मेदारी निभाने की उम्मीद की जाए।

समृद्धि ने उदाहरण देते हुए कहा, अगर किसी महिला ने बच्चे को जन्म दिया है और वह कुछ समय के लिए काम पर नहीं जा सकती, तो उस दौरान पति को आगे बढ़कर जिम्मेदारियां संभालनी चाहिए। वहीं, जब महिला दोबारा अपने करियर या सपनों की ओर लौटना चाहे, तो पति घर की जिम्मेदारियों में सहयोग कर सकता है। रिश्ते में सबसे जरूरी चीज एक-दूसरे के सपनों को समझना और उनका सम्मान करना है।

अभिनेत्री ने कहा, परिवार का मतलब एक-दूसरे का साथ देना होता है, न कि पुराने नियमों के अनुसार महिला और पुरुष की भूमिकाएं तय कर देना। किसी एक व्यक्ति से हमेशा त्याग करने की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। एक अच्छे रिश्ते में दोनों लोग एक-दूसरे के लिए जगह बनाते हैं और मिलकर जीवन की चुनौतियों का सामना करते हैं।

अपने लोकप्रिय शो ये रिश्ता क्या कहलाता है में निभाए जा रहे किरदार अभिरा को लेकर भी समृद्धि ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, अभिरा की जिंदगी में भी कई जिम्मेदारियां हैं और वह एक साथ कई चीजों को संभालने की कोशिश करती है। मेरा किरदार उन महिलाओं की भावनाओं को दिखाता है, जो हर जगह खुद को साबित करने की कोशिश करती रहती हैं।

समृद्धि ने कहा, असल जिंदगी में भी कई महिलाएं घर और काम के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करती हैं।

# काशी पहुंचकर भावुक हुईं निवेथा पेथुराज, बोलीं- कुछ जगहें सिर्फ मंजिल नहीं, भगवान से बातचीत का एहसास देती हैं



साउथ सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री निवेथा पेथुराज इन दिनों अपनी आध्यात्मिक यात्रा को लेकर चर्चा में हैं। अभिनेत्री ने रविवार को वाराणसी स्थित काशी की अपनी यात्रा की कुछ झलकियां सोशल मीडिया पर साझा कीं और एक भावुक पोस्ट लिखा। उन्होंने कहा कि कुछ जगह सिर्फ घूमने की जगह नहीं होती, बल्कि वे इंसान को ईश्वर से जुड़ने और खुद को समझने का मौका देती हैं।

काशी के अनुभव को साझा करते हुए निवेता ने मां गंगा, भगवान शिव और काशी की आध्यात्मिक ऊर्जा को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। निवेथा पेथुराज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर काशी यात्रा का एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, जब भी मैं मणिकर्णिका घाट पर बैठकर मां गंगा को बहते हुए देखती हैं, तो मैं वहां से जवाबों के बजाय और ज्यादा सवाल लेकर लौटती हूं। मां गंगा ने सदियों का इतिहास देखा है, लेकिन इसके बावजूद वह लगातार बहती रहती हैं। वह न किसी चीज से जुड़कर रुकती हैं और न ही किसी परिस्थिति का विरोध करती हैं।


अभिनेत्री ने खुद से सवाल करते हुए आगे लिखा - क्या मां गंगा हमें भी यही सीख देने की कोशिश कर रही हैं। अपनी पोस्ट में निवेता ने काशी से जुड़े अपने धार्मिक अनुभवों को भी याद किया। उन्होंने कहा, मैं खुद को बेहद सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे काशी विश्वनाथ मंदिर में गंगाजल अर्पित करने का अवसर मिला। मैंने महाशिवरात्रि के मौके पर रुद्री पाठ पूजा में हिस्सा लिया और पवित्र निशिता काल पूजा के दौरान काल भैरव के दर्शन करने का भी अनुभव प्राप्त किया।

अभिनेत्री ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए लिखा, कई बार मुझे ऐसा महसूस होता है कि भगवान भैरव खुद मुझे दोबारा काशी बुलाते हैं। जैसे कोई न कोई माध्यम बनकर रास्ते खोल देता है और मुझे फिर से मंदिर तक पहुंचा देता है। आखिर काशी मुझे बार-बार अपनी ओर क्यों आकर्षित करती है।

निवेता ने अपनी पोस्ट के आखिर में लिखा, शायद कुछ जगह सिर्फ यात्रा की मंजिल नहीं होते। वे ईश्वर के साथ होने वाली ऐसी बातचीत होते हैं, जो वहां से वापस आने के बाद भी लंबे समय तक इंसान के मन में चलती रहती है। अभिनेत्री के इस आध्यात्मिक अनुभव को उनके फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और सोशल मीडिया पर उनकी पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। निवेथा पेथुराज की इस पोस्ट को सोशल मीडिया पर उनके प्रशंसकों और कई फिल्मी हस्तियों ने भी सराहा। बड़ी संख्या में लोगों ने उनकी आध्यात्मिक सोच और काशी के प्रति व्यक्त भावनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी पोस्ट केवल यात्रा का विवरण नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और आस्था का संदेश भी देती है। कई प्रशंसकों ने अपने-अपने काशी प्रवास के अनुभव भी साझा किए और इस पवित्र नगरी से जुड़े आध्यात्मिक जुड़ाव का उल्लेख किया।

अभिनेत्री समय-समय पर अपने निजी जीवन, यात्राओं और आध्यात्मिक अनुभवों की झलक सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करती रहती हैं। उनके अनुसार, व्यस्त पेशेवर जीवन के बीच धार्मिक और आध्यात्मिक स्थलों की यात्राएं उन्हें मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक संतुलन प्रदान करती हैं। यही कारण है कि वह अवसर मिलने पर देश के विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए भी जाती रहती हैं। काशी विश्वनाथ धाम और मां गंगा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए निवेथा ने संकेत दिया कि आध्यात्मिक यात्राएं केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं होतीं, बल्कि व्यक्ति को जीवन, समय और अस्तित्व के गहरे अर्थों पर विचार करने का अवसर भी देती हैं। उनकी पोस्ट में जीवन की नश्वरता, आस्था और आत्ममंथन जैसे विषयों की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। वर्क फ्रंट की बात करें तो निवेथा पेथुराज दक्षिण भारतीय फिल्म उद्योग की चर्चित अभिनेत्रियों में शामिल हैं और तमिल व तेलुगु फिल्मों में अपनी अभिनय प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। अभिनय के साथ-साथ वह सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहती हैं, जहां अपने प्रशंसकों के साथ निजी अनुभवों, यात्राओं और पेशेवर गतिविधियों से जुड़ी जानकारियां साझा करती रहती हैं। उनकी काशी यात्रा से जुड़ी यह पोस्ट भी आध्यात्मिकता और भारतीय संस्कृति के प्रति उनके जुड़ाव को दर्शाती है। फिल्मी करियर के साथ-साथ निवेथा अपनी सादगी और व्यक्तिगत जीवनशैली को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। अभिनय के अलावा वह फिटनेस, यात्रा और सामाजिक विषयों से जुड़े अपने अनुभव भी प्रशंसकों के साथ साझा करती रहती हैं। उनकी यह आध्यात्मिक यात्रा भी उनके व्यक्तित्व के एक अलग पहलू को सामने लाती है, जिसे उनके प्रशंसकों ने काफी पसंद किया है।

## अनीता आडवाणी का दावा- 'अडॉप्शन का सच जान और अपनों के धोखे से टूट गए थे राजेश खन्ना, सगी बहन को देख पूछा था- ये कौन है?'



हिंदी सिनेमा के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना एक समय पर हिंदी सिनेमा पर राज करते थे। लाखों लड़कियां उनके पीछे दीवानी थीं और उन्हें खून से खत लिखती थीं। राजेश खन्ना, हिंदी सिनेमा की उन बुलंदियों पर रहे, जिसे हासिल करना किसी भी स्टार के लिए बहुत मुश्किल है, लेकिन उनकी निजी जिंदगी हमेशा हलचल और तनाव से भरी रही। राजेश खन्ना और डिंपल कपाड़िया की शादी में तनाव हमेशा बना रहा। अंजू महेंद्रू से ब्रेकअप ने भी उन्हें तोड़ दिया था, लेकिन इससे भी बड़ा झटका उन्हें तब लगा था, जब उन्हें पता चला था कि वह अडॉप्टेड हैं। और ये कहना है राजेश खन्ना की कथित गर्लफ्रेंड और उनके आखिरी दिनों में खुद को उनके सबसे करीब होने का दावा करने वालीं अनीता आडवाणी का। अनीता आडवाणी का कहना है कि राजेश खन्ना अडॉप्टेड थे और जब उन्हें इस सच का पता चला तो वह बुरी तरह टूट गए थे। अनीता आडवाणी ने दावा किया कि अडॉप्टेड होने का सच पता चलने और अपनों से मिले धोखों ने राजेश खन्ना को बुरी तरह तोड़ दिया था। वह कहती हैं- 'अपनों से मिले धोखे के बाद उन्हें हर किसी पर शक होने लगा था। उनका लोगों पर से विश्वास हट गया था। एक तो वह अडॉप्टेड थे और दूसरा उन्हें अपने ज्यादातर रिलेशनशिप्स में धोखे मिले। इंडस्ट्री में उन्होंने जिन-जिन लोगों को बनाया, उन सबने भी धोखा दिया।

## चिरंजीवी और नागा बाबू ने दिखाई दरियादिली, ब्रेन स्ट्रोक से जूझ रहे रमेश के लिए आए आगे, 5 लाख की आर्थिक मदद



पवन कल्याण की फिल्म 'गब्बर सिंह' में अपने रोल के लिए मशहूर एक्टर रमेश को ब्रेन स्ट्रोक आने के बाद तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री उनके साथ खड़ी हो गई है। रमेश को अपोलो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है और उनकी हेल्थ पर नजर रखी जा रही है। जब एक्टर की मेडिकल कंडीशन की खबर साउथ के सबसे मशहूर स्टार परिवार को मिली तो चिरंजीवी और नागा बाबू ने तुरंत उन्हें फाइनेंशियल मदद दी। सोशल मीडिया पर इस बाच की जानकारी उनकी टीम ने दो तस्वीरें शेयर कर दी है। यह पहली बार नहीं है, जब मेगास्टार पवन ने अपनी दरियादिली दिखाई। वे हर किसी की मदद करने के लिए तैयार रहते हैं। TV9 तेलुगु के अनुसार चिरंजीवी एक्टर रमेश की हेल्थ कंडीशन जानने के लिए अपोलो हॉस्पिटल के डॉ. सुब्बा रेड्डी के रेगुलर टच में हैं। परिवार को फाइनेंस में मदद करने के लिए एक्टर ने परिवार को 3 लाख का चेक दिया। फाइनेंशियल मदद के अलावा, चिरंजीवी ने राज्य सरकार की मेडिकल हेल्थ इंश्योरेंस स्कीम से मदद का भरोसा दिया। उनके भाई-एक्टर नागा बाबू ने भी परिवार को 2 लाख का चेक दिया, जिससे मेगा परिवार की तरफ से कुल 5 लाख का कंट्रीब्यूशन हुआ। चिरंजीवी ने रमेश के जल्दी ठीक होने की दुआ की और उम्मीद जताई कि वह आसानी से नॉर्मल जिंदगी में लौट आएंगे। वामसी शेखर ने एक्टर्स की फोटोज शेयर की, जिसमें वे रमेश के परिवार के साथ चेक शेयर कर रहे हैं। ट्वीट में लिखा था, 'मेगास्टार @KChiruT-weets गारू ने गब्बर सिंह एक्टर रमेश के ब्रेन स्ट्रोक के बारे में जानने के बाद उनके इलाज के लिए 3 लाख दिए और हर मुमकिन मदद का भरोसा दिया। श्री @NagaBabuOffl गारू ने भी 2 लाख का योगदान दिया।' डायरेक्टर हरीश शंकर, जिन्होंने रमेश के साथ गब्बर सिंह में काम किया था। वे एक्टर की हेल्थ के बारे में सुनने के बाद अपोलो हॉस्पिटल भी गए थे। उन्होंने रमेश के परिवार से मुलाकात की और उन्हें हिम्मत दी। साथ ही उन्हें कुछ फाइनेंशियल मदद भी दी। गब्बर सिंह साल 2012 में रिलीज हुई एक तेलुगु एक्शन कॉमेडी मूवी थी।


## सार समाचार

### इमरान खान की बहन को तलब किए जाने पर उठे सवाल



ब्रुसेल्स। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन नूरीन नियाज़ी को एक ऑनलाइन साक्षात्कार के बाद पूछताछ के लिए तलब किए जाने को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सवाल उठने लगे हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यह मामला केवल एक राजनीतिक बयान तक सीमित नहीं है, बल्कि पाकिस्तान में राजनीतिक अभिव्यक्ति और सार्वजनिक विमर्श पर बढ़ते सरकारी नियंत्रण को दर्शाता है। पाकिस्तान सरकार ने हाल ही में दिए गए नूरीन नियाज़ी के एक इंटरव्यू पर आपत्ति जताते हुए कहा कि उनकी टिप्पणियां देश के राष्ट्रीय हितों के खिलाफ हैं। सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने आरोप लगाया कि नियाज़ी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है। वहीं, केंद्रीय मंत्रियों तारिक फजल चौधरी और तल्लाल चौधरी ने कहा कि इस तरह के बयान वैश्विक मंच पर पाकिस्तान की विश्वसनीयता को कमजोर करते हैं। दूसरी ओर, इमरान खान की पूर्व पत्नी जेमिमा गोल्डस्मिथ ने इस कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान में राजनीतिक अभिव्यक्ति को अपराध की तरह देखा जा रहा है और सार्वजनिक संवाद की गुंजाइश लगातार सिमटती जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की नेशनल साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने 18 जुलाई को नूरीन नियाज़ी को पूछताछ के लिए तलब किया था। सोशल मीडिया पर उनके इंटरव्यू के व्यापक रूप से प्रसारित होने के बाद उन पर "झूठी, आपत्तिजनक और भड़काऊ" जानकारी फैलाने का आरोप लगाया गया। ग्रीक वकील, लेखिका और पत्रकार दिमित्रा स्टाइको ने यूरोपा वायर में प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में लिखा कि नूरीन नियाज़ी की ऑनलाइन राजनीतिक चर्चा पाकिस्तान में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विवाद का रूप ले गई।

### ईरानी जहाज पर हमले को लेकर यूक्रेन के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की अपील



तेहरान। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने यूरोपीय संघ से कैस्पियन सागर में एक ईरानी कमर्शियल जहाज को यूक्रेन द्वारा निशाना बनाए जाने के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की। ईरानी विदेश मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, अराघची ने शनिवार को ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलास के साथ फोन पर बातचीत की। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने हाल के क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। इस दौरान अराघची ने कैलास से यूक्रेन के खिलाफ कार्रवाई की अपील की। बयान के अनुसार, अराघची ने यूक्रेनी हमले की निंदा की और ईयू, यूएन सुरक्षा परिषद और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इसके गुनहगारों और समर्थकों को जिम्मेदार ठहराने की अपील की।

### बर्लिन में LGBTQ+ इवेंट के लिए जुटी भीड़ को वैन ने रौंदा, एक की मौत; 17 घायल



बर्लिन के मशहूर LGBTQ+ इवेंट के लिए जुटे लोगों को एक वैन ने रौंद दिया। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई , जबकि 17 लोग घायल बताए जा रहे हैं। बता दें कि बर्लिन के टियरगार्टन पार्क में 'क्रिस्टोफर स्ट्रीट डे प्राइड' इवेंट का आयोजन किया गया था, जो कि हर साल आयोजित किया जाता है। इसी दौरान यह हादसा हुआ। जर्मन मीडिया के अनुसार, घटनास्थल पर बुरी तरह क्षतिग्रस्त एक सफेद गाड़ी लावारिस हालत में मिलने के बाद जर्मन अधिकारियों ने ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक यह तय नहीं किया है कि यह घटना जानबूझकर की गई थी या भीड़ को सीधे निशाना बनाया गया था।

बर्लिन पुलिस के प्रवक्ता फ्लोरियन नाथ ने 'X' पर एक पोस्ट में कहा, "हमें लगता है कि एक गाड़ी टियरगार्टन पार्क में घुसी और उसने कई लोगों को टक्कर मारी।" DW की रिपोर्ट के मुताबिक, ड्राइवर की तलाश के लिए बर्लिन में इमरजेंसी क्रू और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की भारी तैनाती की गई है। वहीं पुलिस प्रवक्ता ने कहा, "हम संभावित संदिग्धों की गहन तलाश कर रहे हैं।" उन्होंने बताया कि घटना स्थल पर "काफी संख्या में पुलिस" तैनात की गई थी। घटना के गंभीर नतीजों पर बात करते हुए बर्लिन पुलिस ने कहा कि 17 घायलों में से कई को जानलेवा चोटें आई हैं। प्रवक्ता ने यह भी बताया कि पीड़ितों के रिश्तेदारों के लिए एक सूचना केंद्र बनाया गया है। घटना के कुछ ही समय बाद मौके पर पहुंचे बर्लिन के मेयर काई वेग्नर ने इस हिंसा की कड़ी निंदा की और इसे शहर के मूल्यों पर सीधा हमला बताया। मेरी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और दोस्तों के साथ हैं।

# तेज हवा से और फैली फ्रांस के जंगल की आग, वाइन के लिए मशहूर शहर Bordeaux के करीब पहुंची तपिश



साउथ-वेस्ट फ्रांस के जंगल में लगी भयानक आग की वजह से बीते रविवार की रात करीब 55 हजार लोगों को अपना घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस प्रकार, सिर्फ एक इलाके में घर छोड़ने वालों की कुल संख्या 2 लाख 20 हजार के करीब हो गई है, क्योंकि ये आग वाइन के लिए मशहूर शहर बोर्डो के और नजदीक पहुंच गई है। Gironde के अधिकारियों ने, जहां बोर्डो शहर है, के दक्षिण-पश्चिम में मौजूद पांच और इलाकों के लोगों को रात में ही घर खाली करने का ऑर्डर दिया।

Gironde के अधिकारियों ने, जहां बोर्डो शहर है, के दक्षिण-पश्चिम में मौजूद पांच और इलाकों के लोगों को रात में ही घर खाली करने का ऑर्डर दिया। अफसरों के बयान के अनुसार, रातभर चली तेज हवाओं ने इस आग को और भड़का दिया, जिससे सप्ताह के बीच से काबू से होकर जल रही आग और तेजी से फैलने लगी। इसके अलावा, बोर्डो से साउथ-वेस्ट की तरफ जाने वाले एक बड़े हाईवे को आंशिक रूप से बंद करने का भी ऑर्डर दिया गया।

बोर्डो के मेयर ने कहा कि आग "अभी भी मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र की सीमा पर है" और यह Bordeaux से सबसे करीब 15 किलोमीटर की दूरी तक पहुंच चुकी है। साउथ फ्रांस में Landes इलाके में लगी एक और आग के कारण से इस सप्ताह 30 हजार लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है, जिससे आग के कारण घर छोड़ने वाले लोगों की कुल संख्या ढाई लाख लोगों से अधिक हो गई है। इसके अलावा, फ्रांस के पड़ोसी देश स्पेन में, मैड्रिड के पश्चिम में लगी आग के कारण अफसरों ने इस सप्ताह 70 हजार लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाया है।

राहत और बचाव की टीमें लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हुई हैं। आग की वजह से लोगों को अपना घर छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस आग से पर्यावरण को भी बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। अग्निकांड में कई जंगली जानवर भी जल गए हैं। फ्रांस और स्पेन के जंगल में लगी आग को बुझाने में करीब 4 हजार राहत कर्मियों की टीम लगी हुई है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में फिर से हुआ जोरदार धमाका, दो लोगों की मौत; जांच में जुटी पुलिस



पेशावर। इस वक्त की बड़ी खबर पाकिस्तान से सामने आ रही है। यहां खैबर पख्तूनख्वा इलाके में शनिवार को हुए जोरदार धमाके में दो लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि इस धमाके में एक स्थानीय नेता बाल-बाल बच गए। वहीं दो अन्य लोगों की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस का कहना है कि यह धमाका किस वजह से हुआ, इसकी जांच की जा रही है। वहीं अभी तक किसी अन्य संगठन ने भी इस धमाके की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने बताया कि शनिवार को उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान में जोरदार धमाका हुआ था। इस धमाके में दो लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक यह घटना अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले में हुआ।

यहां सलारजई तहसील की ताली बांध के पास एक धमाके में दो लोगों की मौत हुई। पुलिस के मुताबिक, मारे गए लोगों की पहचान बाजौर जिले के रहने वाले सुलेमान कारी और गुलाम के तौर पर हुई है।

पुलिस ने बताया कि धमाके में दोनों लोगों की मौत हो गई और उनके शवों को खार अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, एक स्थानीय नेता धमाके में बाल-बाल बच गया। पुलिस ने बताया कि इस धमाके के मामले में आगे की जांच की जा रही है।

वहीं घटना के बाद से मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। बता दें कि उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा प्रांत पिछले कुछ सालों से लगातार अशांति का सामना कर रहा है। इसकी वजह यहां उग्रवादी हिंसा, अफगानिस्तान से लड़ाकों की सीमा-पार आवाजाही और बार-बार होने वाले सैन्य अभियान हैं। वहीं इससे पहले 24 जुलाई को भी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में ही आत्मघाती हमले में सेना के कई जवान मारे गए थे।

# पानी पर उतरने की कोशिश में चट्टान से टकराया विमान, 11 लोग थे सवार, अमेरिका से आई बड़ी खबर



सिएटल। अमेरिका के वॉशिंगटन राज्य में कनाडा सीमा के पास स्थित एक दूरदराज़ द्वीप के पास गुरुवार शाम एक सीप्लेन यानी पानी पर उतरने वाला विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर चट्टानों से टकरा गया। हादसे के बाद विमान में आग लग गई, लेकिन आसपास मौजूद नावों और अमेरिकी तटरक्षक बल की तेज कार्रवाई की बदौलत विमान में सवार सभी 11 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सैन जुआन काउंटी शेरिफ ऑफिस के मुताबिक, हादसे में एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। कई यात्रियों के सिर में चोट लगी है और हड्डियां भी टूटी हैं। हालांकि शुक्रवार तक कम से कम 5 यात्रियों को अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई थी।

यह दुर्घटना गुरुवार शाम करीब 5:20 बजे हुई। विमान में एक पायलट और 10 यात्री सवार थे। सीप्लेन वॉशिंगटन के निर्जन सूसिया आइलैंड स्टेट पार्क के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ। यह द्वीप सैन जुआन द्वीप समूह के उत्तरी हिस्से में स्थित है, जो गर्मियों में फेरी सर्विस, व्हेल देखने और ट्रैकिंग के लिए लोकप्रिय पर्यटन स्थल माना जाता है। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान पानी के ऊपर बहुत नीचे उड़ रहा था। अचानक वह एक ओर झुक गया और पहले केवल एक फ्लोट के सहारे पानी को छुआ। इसके बाद विमान थोड़ी देर के लिए फिर हवा में उछला, लेकिन नियंत्रण खोने के बाद जमीन से टकरा गया। प्रत्यक्षदर्शी डेव ईस्टमैन उस समय अपनी छोटी नाव में समुद्र में मौजूद थे। उन्होंने बताया कि शुरुआत में उन्हें लगा कि विमान उनकी नाव से टकरा जाएगा, लेकिन बाद में वह द्वीप की ओर नीचे उड़ता दिखाई दिया।

इलाके में 6 से 7 नावें मौजूद थीं, जिनमें एल्यूमिनियम फिशिंग बोट भी शामिल थीं। सभी लोग तुरंत मदद के लिए मौके की ओर दौड़ पड़े। वीडियो में देखा जा सकता है कि विमान के अंदर से यात्री बाहर निकल रहे हैं, जबकि विमान से काला धुआं उठ रहा है और उसका ढांचा आग की लपटों में घिरा हुआ है।

विमान का अगला हिस्सा एक बड़ी चट्टान से टकराकर आंशिक रूप से पानी में डूब गया था।

# होर्मुज पर ईरान-ओमान वार्ता में प्रगति, लाल सागर में हूती हमलों पर कुवैत ने जताई कड़ी आपत्ति

तेहरान/कुवैत सिटी। होर्मुज ईरान और अमेरिका के बीच बड़े विवाद की वजह है। खाड़ी क्षेत्र भी इसे लेकर संवेदनशील है। इन सब सवालों जवाबों के बीच ईरान ने ओमान से बात की। तेहरान का कहना है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के प्रबंधन को लेकर ओमान के साथ हुई वार्ता में सकारात्मक प्रगति हुई है। वहीं दूसरी ओर, लाल सागर में हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर किए गए हमलों की कुवैत ने कड़ी निंदा करते हुए सऊदी अरब के जवाबी कदमों का समर्थन किया है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघेई ने बताया कि ईरान और ओमान के उप-विदेश मंत्रियों के बीच शुक्रवार और शनिवार को तेहरान में होर्मुज के प्रबंधन को लेकर बातचीत हुई। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने दोनों तटीय देशों के संप्रभु अधिकारों का सम्मान करते हुए स्ट्रेट में सुरक्षित समुद्री यातायात सुनिश्चित करने के साझा सिद्धांतों और व्यावहारिक व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श किया। बाघेई के अनुसार, यह वार्ता उपयोगी रही और इसमें प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों देशों के बीच तकनीकी और राजनीतिक स्तर पर बातचीत अभी भी जारी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही की स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं, कुवैत के विदेश मंत्रालय ने लाल सागर में जहाजों पर हूती विद्रोहियों के हमलों की कड़ी निंदा की है। मंत्रालय ने शनिवार को लाल सागर में सऊदी जहाज एनसीसी एमएएसए पर हुए हमले को अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन और समुद्री सुरक्षा, नौवहन की स्वतंत्रता तथा वैश्विक व्यापार के लिए सीधा खतरा बताया।

## NATO के मिलिट्री हेडक्वार्टर में जासूसी? कनाडा की महिला इंटर्न को बेल्जियम में किया गया गिरफ्तार



ब्रसेल्स। बेल्जियम के अधिकारियों ने बताया कि NATO मिलिट्री अलायंस के ऑपरेशनल हेडक्वार्टर में इंटर्न के तौर पर काम कर रही एक कनाडाई महिला को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बेल्जियम के फेडरल प्रॉसिक्यूटर ऑफिस ने कहा कि NATO की सिक्योरिटी सर्विस से बेल्जियम की मिलिट्री इंटेलिजेंस को जानकारी मिलने के बाद जासूसी की जांच शुरू की गई। इसके बाद अधिकारियों ने शुक्रवार को "चीनी मूल की एक कनाडाई नागरिक" को हिरासत में लिया। इससे एक दिन पहले संदिग्ध के घर और NATO के बड़े कमांड सेंटर में उसके काम करने की जगह पर छापेमारी की गई थी। प्रॉसिक्यूटर ने एक बयान में कहा, "उस पर किसी तीसरे देश के लिए जासूसी करने और एक क्रिमिनल ऑर्गनाइजेशन की सदस्य होने का शक है।" बता दें कि एलाइड पावर्स का स्ट्रैटेजिक हेडक्वार्टर, जिसे SHAPE के नाम से जाना जाता है, बेल्जियम के दक्षिणी शहर मॉन्स में फ्रांस की सीमा के पास स्थित है। SHAPE में मिलिट्री अधिकारी जॉइंट स्ट्रैटेजी, टैक्टिक्स और ऑपरेशन की योजना बनाते हैं और उन्हें कमांड करते हैं। अलायंस का पॉलिटिकल हेडक्वार्टर ब्रसेल्स में है, जहां सदस्य देशों के राजदूत डिफेंस पर खर्च, ड्रोन घुसपैठ और साइबर खतरों पर चर्चा करने के लिए मिलते हैं। NATO का साइबर सिक्योरिटी सेंटर SHAPE में स्थित है। SHAPE के प्रवक्ता कर्नल मार्टिन एल ओ'डोनेल ने कहा, "इस समय, ऐसा कोई संकेत नहीं है कि NATO या SHAPE की ऑपरेशनल तैयारी, कमांड और कंट्रोल व्यवस्था या चल रहे कामों पर कोई बुरा असर पड़ा है। SHAPE बिना किसी रुकावट के अपनी जिम्मेदारियां निभा रहा है।" दरअसल, कनाडा और बेल्जियम, दोनों ही उस 32 देशों वाले मिलिट्री अलायंस के सदस्य हैं, जिसने 2021 में रूस और मिडिल ईस्ट से मिल रहे खतरों के साथ-साथ चीन को भी "सुरक्षा के लिए चुनौती" बताया था। बेल्जियम में यह गिरफ्तारी अलायंस के लिए एक अहम समय पर हुई है, क्योंकि उसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है, जिन्होंने यूरोप में अमेरिका की सुरक्षा भूमिका को कम कर दिया है। ट्रंप अपने सहयोगी देशों पर रक्षा पर अधिक खर्च करने और ईरान के साथ संघर्ष में शामिल होने का दबाव बना रहे हैं। साथ ही उन्होंने NATO सदस्य डेनमार्क से ग्रीनलैंड को जबरन अपने कब्जे में लेने की धमकी भी दी है, जिससे यूरोपीय देश और अलायंस सकते में आ गए थे। गिरफ्तारी के बाद बेल्जियम के जांच अधिकारियों ने संदिग्ध महिला से पूछताछ शुरू कर दी है और उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, संचार रिकॉर्ड तथा अन्य दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है।

## कनाडा की आग को लेकर ट्रंप ने फिर किया पोस्ट, शेयर की AI से बनी 'एयर फिल्टर बॉर्डर' की तस्वीर




कनाडा। कनाडा के जंगलों में आग लगने के बाद धुएं की वजह से अमेरिका के कई शहरों की एयर क्वालिटी खराब हुई है। इसे लेकर ट्रंप ने कनाडा पर टैरिफ लगाने की धमकी भी दे दी है। वहीं अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक AI-जनरेटेड तस्वीर शेयर की, जिसमें US-कनाडा बॉर्डर पर एक बड़ा एयर फिल्टर दिखाया गया है। इसके जरिए उन्होंने कनाडा के जंगलों में लगी आग का धुआं अमेरिका तक पहुंचने को लेकर कनाडा की आलोचना और तेज कर दी। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रुथ सोशल पर यह पोस्ट की। 'ट्रुथ सोशल' पर पब्लिश हुई इस तस्वीर में दोनों देशों के बीच एक विशाल फिल्टरेशन बैरियर (हवा साफ करने वाली दीवार) दिखाई गई है, जिस पर लिखा है, "नॉर्थ अमेरिका - एयर फिल्टर बैरियर - साफ हवा साफ बॉर्डर"। ट्रंप की यह पोस्ट कनाडा के जंगलों की आग से निकलने वाले धुएं को लेकर टैरिफ लगाने की उनकी हालिया धमकी के बाद आई है। उन्होंने ओटावा पर आरोप लगाया था कि वह प्रदूषित हवा को बॉर्डर पार करने दे रहा है। इससे पहले रविवार को 'एयर फोर्स वन' में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्होंने इस मामले पर कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से बात की है और कनाडा से आग पर काबू पाने के लिए कोशिशें तेज़ करने को कहा है। ट्रंप ने कहा, "बातचीत अच्छी रही, लेकिन मैंने उनसे कहा कि आपको इन आग को हमारी हवा को जहरीला बनाने से रोकना होगा। हमारी हवा ज़हरीली हो गई है।" उन्होंने बताया कि वहां हवा की खराब क्वालिटी के कारण फ़ैक्टरियों और वर्कप्लेस को कुछ समय के लिए कामकाज रोकना पड़ा।

## पाकिस्तान : सिंध में नए प्रांत की मांग लेकर सड़क पर उतरा सियासी दल, भेदभाव का लगाया आरोप

कराची/हैदराबाद। पाकिस्तान की मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) ने सिंध समेत देश में नए प्रांतों के गठन की मांग को लेकर अपना अभियान तेज कर दिया है। शनिवार को पार्टी अध्यक्ष खालिद मकबूल सिद्दीकी ने हैदराबाद में रैली का नेतृत्व किया, जबकि वरिष्ठ नेता और संघीय स्वास्थ्य मंत्री मुस्तफा कमाल ने कराची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रशासनिक आधार पर नए प्रांत बनाए जाने की मांग दोहराई। हैदराबाद में हजारों की तादाद में लोग जुटे। अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट से जारी कुछ वीडियो क्लिप्स और तस्वीरों में भारी भीड़ देखी जा सकती है।

पार्टी का कहना है कि मौजूदा प्रशासनिक ढांचा देश की बढ़ती आबादी और विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने में नाकाम रहा है। एमक्यूएम-पी का दावा है कि खासकर सिंध में बेहतर प्रशासन, संसाधनों के समान वितरण और प्रभावी जनसेवाओं के लिए नए प्रशासनिक प्रांत बनाना जरूरी हो गया है। हैदराबाद में रैली को संबोधित करते हुए खालिद मकबूल सिद्दीकी ने कहा कि एमक्यूएम-पी ने सिंध से अलग नया प्रांत बनाने की अपनी मांग कभी वापस नहीं ली है। उन्होंने कहा कि नया प्रांत मातृभाषा और भूमि के आदान-प्रदान के आधार पर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत से आए मुहाजिर अपनी इच्छा से पाकिस्तान आए थे और यह पलायन लियाकत-नेहरू समझौते के तहत हुआ था। सिद्दीकी ने पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो का जिक्र करते हुए कहा कि उनके दौर में शहरी और ग्रामीण सिंध की व्यवस्था तय की गई थी।

# SPORTS NEWS

## India's historic gold medal in Rowing World Cup to be stripped after Lakshay found positive for doping

India's historic first gold medal at the Rowing World Cup is set to be removed from the record books after one member of the winning crew returned a positive doping test. Lakshay, who partnered Ujjwal Kumar Singh to victory in the lightweight doubles sculls event at the Rowing World Cup in Lucerne, has tested positive for the prohibited substance Stanozolol. The sample was collected during an out-of-competition test conducted on May 25 earlier this year, before the World Cup took place. Notably, the Indian pair had secured the landmark title in June at Rotsee Lake in Lucerne, Switzerland, finishing the final in 6:26.09 to claim what was celebrated as the country's maiden Rowing World Cup gold medal. Following the adverse analytical finding, Lakshay has been provisionally suspended by the National Anti Doping Agency (NADA). He has also been served with a notice as the anti-doping process moves forward.

## Shreyas Iyer shares update on Prince Yadav, lauds Ishan Kishan



India pacer Prince Yadav was forced to leave the field in the second T20I against Zimbabwe in Harare. He appeared to have hurt his hamstring while delivering the second ball of his second over. The medical team immediately attended to him, while Shivam Dube completed the rest of the over. India eventually registered a comfortable 90-run win. After the game, captain Shreyas Iyer confirmed that Prince is likely to sit out of the third match on Sudnay, July 26. "One of our players got injured unfortunately, so you might see a few changes tomorrow (Sunday)," Iyer told the broadcaster after the match.

India suffered early in the contest as both openers Abhishek Sharma and Vaibhav Sooryanvashi fell cheaply. However, they scripted a comeback through Ishan Kishan and Tilak Varma. The keeper-batter struck 81 from 44 deliveries and Tilak Varma, whose unbeaten 60 guided India to 219 runs in the first innings.

In reply, the Chevrons were bundled for 129. Kishan, who hit nine fours and two sixes, said building partnerships was essential because batting conditions were not as straightforward as the final score suggested.

## Anahat Singh creates history as first Indian to win World Junior Squash Championship



Indian squash sensation Anahat Singh has scripted history by becoming the first Indian ever to win the World Junior Squash Championships. The 18-year-old defeated Egypt's Ruqayya Salem in the girls' singles final at the 2026 World Squash Junior Championships in Niagara-on-the-Lake, Canada, ending Egypt's 13-year dominance in the tournament. The landmark victory adds another major milestone to Anahat's rapidly growing career and strengthens India's emergence as a force in world squash. Top seed Anahat produced a composed performance in the final to overcome Ruqayya Salem and lift the prestigious junior world title. The triumph also ended Egypt's remarkable 13-year reign in the women's event, making it one of the biggest achievements in Indian squash history. With this victory, Anahat became the first Indian player to win the World Junior Squash Championships, surpassing the previous best performances by Indian players at the tournament. Her title is being hailed as a watershed moment for the sport in the country. Born on March 13, 2008, in New Delhi, Anahat Singh has been one of India's brightest sporting talents for several years. She studies at The British School, New Delhi, and turned professional in 2023. She has trained under former Indian squash star Saurav Ghosal, along with Stéphane Galifi and Grégory Gaultier.

## Mirabai Chanu clinches gold medal in 48kg weightlifting at Commonwealth Games 2026




India's star weightlifter Mirabai Chanu clinched yet another gold medal at the Commonwealth Games as she won the yellow metal for the third consecutive time on Sunday, July 26, during the ongoing Glasgow Games. Chanu won the gold in the 48kg weight category. Chanu lifted a total of 190kg across the Snatch and Clean and Jerk categories and defeated the second-placed Ruth Nyong of Nigeria by a margin of 22kg. Chanu lifted 85kg in her third attempt in Snatch, setting a Games record in the snatch. She then lifted 105kg in the Clean and Jerk, setting another Games record. Her 85kg lift in the snatch is also the Championships record, while the total weight of 190kg that she lifted is also the Games record. Chanu faltered on her first attempt of 82kg on the Snatch before lifting 85kg on her second and third attempts. She could not find a successful lift in her first Clean and Jerk attempt of 105kg; however, the Manipuri weightlifter lifted the same weight on her next attempt to bag the gold. This was Chanu's third straight gold at the Commonwealth Games after having clinched the yellow metal at the 2018 Gold Coast Games in the 48kg category and then the top prize at the 2022 Birmingham Games in the 49kg event. This was India's first-ever gold medal at the Glasgow event after the contingent gave the nation a silver and a bronze medal. Earlier in the day, Rishikanta Singh gave India a silver medal in the Men's 60kg weightlifting at the Glasgow Games. Rishikanta lifted a total of 264kg and came second to only Malaysia's Aniq Kasdan, who lifted 273kg, a new Games record. Rishikanta lifted 121kg in the Snatch with his third attempt and then conquered 143kg in his first Clean and Jerk attempt. His other two attempts in the Clean and Jerk of 148kg and 151kg were unsuccessful. Meanwhile, Jhandu Kumar clinched a bronze in the Men's heavyweight lifting in Para Powerlifting on July 24, giving India their first medal at the Games. He amassed 130.9 points to finish on the podium after successfully lifting 181kg and 190kg. He failed his final attempt of 196kg. India's Olympic silver medallist Mirabai Chanu once again underlined her status as one of the country's greatest sporting icons by winning her third consecutive Commonwealth Games gold medal on Sunday, July 26, at the ongoing Glasgow Games.

## India thump Zimbabwe in Harare, register dominant 35-run win to complete clean sweep



The third and final T20I of the ongoing series between India and Zimbabwe saw the two sides take on each other at the Harare Sports Club on July 26th. The game saw India put in another good showing and register a thumping 35-run victory to register their third straight win in the series. The game began with India coming in to bat first. The side opened its innings with Abhishek Sharma and Vaibhav Sooryavanshi coming out to bat. While Abhishek Sharma was dismissed on a score of two runs, Vaibhav put forth a good showing, scoring 81 runs to his name. Furthermore, Ishan Kishan and Shreyas Iyer scored 29 and 27 runs, respectively, as India posted a total of 192 runs in the first innings of the game. As for Zimbabwe, Brad Evans was the highest wicket-taker with two wickets to their names. Sikandar Raza, Blessing Muzarabani, and Wessly Madhevere took one wicket each as well. Speaking of the run chase, Zimbabwe opened its innings with Brian Bennett departing for a golden duck. Ben Curran also failed to put in a good show, departing on a score of 20 runs in 19 deliveries. Dion Myers amassed 19 runs in 15 deliveries as well. The Indian team maintained pressure throughout the second innings, constantly taking wickets and breaking through Zimbabwe's batting attack at regular intervals. Skipper Sikandar Raza departed on a golden duck as well, adding to the hosts' problems. Wessly Madhevere added 29 runs to his name, and Ryan Burl was the top performer for Zimbabwe, scoring 54 runs in 43 deliveries, but that too was not enough for Zimbabwe in the end. Yash Thakur took two wickets, with Ashok Sharma and Ravi Bishnoi taking one wicket each as well, limiting Zimbabwe to a score of 157 and registering a 35-run victory.

## Vaibhav Sooryavanshi continues red-hot form, smashes quickfire half-century against Zimbabwe in third T20I



The Indian team took on Zimbabwe in the third T20I of the ongoing series between the two sides. The two teams met at the Harare Sports Club on July 26th, and the game began with India winning the toss and opting to bat first in the game. The side opened its innings with Vaibhav Sooryavanshi and Abhishek Sharma coming out to bat. While Abhishek was sent packing early into the innings, Vaibhav continued his red-hot form and put forth a magnificent performance in the game. Batting throughout most of the first innings, the 15-year-old amassed 81 runs in 49 deliveries, smashing Zimbabwe's bowling attack all over the park.

However, he was unable to complete his century and was dismissed by Madhevere as Brad Evans took a brilliant catch to bring Vaibhav's innings to an end. Throughout the series, Vaibhav has been in good form.

He also scored his first international half-century as India took on Zimbabwe in the first T20I, completing his fifth in just 19 deliveries. Furthermore, he was dismissed for 20 runs in the second T20I before smashing 81 runs in the third T20I, continuing his red-hot form.

## Washington Sundar ruled out of India's 1st Test against Sri Lanka due to injury



The Indian team is all set to take on Sri Lanka in a two-game Test series, with the first Test slated to begin on August 15, and the two sides will hope to put in their best performance. Ahead of the series, Team India has been hit with a major blow as star all-rounder Washington Sundar has been ruled out of the upcoming first Test.

According to sources, Sundar has not yet recovered from the leg injury that he sustained in the recently concluded three-game ODI series against England and has been unable to recover in time, which means that he will miss the first Test against Sri Lanka.

It is worth noting that India will be taking on Sri Lanka at the Galle International Stadium, and apart from Sundar, the likes of Nitish Kumar Reddy and fast bowler Harshit Rana are unlikely to be selected in the squad for the Test series as well. India will be announcing the squad for the series on Tuesday, July 28th.

With the reports around Sundar emerging, a source in the know came forward and revealed the BCCI's thinking with the ongoing developments. The source talked about how there are conversations around whether Sundar's availability for the second Test is subject to fitness and whether there is sense in picking him for the series at all.

## England gymnast Gabriel Langton suffers nasty fall at Commonwealth Games 2026

In one of the most horrific moments of the ongoing Commonwealth Games 2026,

England's gymnast Gabriel Langton was rushed to the hospital after he suffered a nasty fall and landed on his head during the men's team gymnastics final in Glasgow.

Due to losing his grip during England's first rotation, Langton crashed headfirst onto the floor,



which brought the event to a halt. Medical personnel rushed to his aid. Just 19 years old, Langton was unable to get up on his own and was placed on the stretcher as well.

It is worth noting that Langton was brought into England's squad for the Commonwealth Games as a replacement for injured six-time Olympic medallist Max Whitlock. However, there is some good news after Langton's fall.

## Star Bangladesh pacer ruled out of Test series vs Australia

Bangladesh's preparations for their historic Test tour of Australia have suffered a significant setback. Ace pacer Nahid Rana has been ruled out of the two-match series with a Grade 2 strain on his left side. Now, the 23-year-old fast bowler is expected to remain sidelined for six to eight weeks, forcing him to miss Bangladesh's first Test assignment in Australia in 23 years. "He is expected to require approximately four weeks for tissue healing, followed by a further two to four weeks of bowling workload progression," a BCB statement said, as quoted by Cricinfo. Rana has been a force to reckon with for the Bangla Tigers in recent times, as he is their leading wicket-taker in international cricket in 2026. Bangladesh will also be without two other key players for the opening Test in Darwin.

# शरीर में इन तीन जगहों पर खुजली का लगातार होना है कई बीमारियों का संकेत, डॉक्टर बता रहे हैं कैसे पहचानें लक्षण



शरीर में खुजली होना सामान्य बात है, लेकिन अगर किसी एक जगह पर लंबे समय तक लगातार खुजली बनी रहे, तो इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। कई बार यह किसी गंभीर स्वास्थ्य समस्या का संकेत भी हो सकती है। ऐसे में डॉक्टर सलीम जैदी ने अपने यूट्यूब वीडियो में बताया है कि शरीर के किन तीन हिस्सों में लगातार खुजली होना चेतावनी का संकेत हो सकता है और ऐसी स्थिति में आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए। हथेलियां और पैर के तलवेः अगर रात के सोते समय आपकी हथेलियों और पैर के तलवों में खुजली हो रही है तो यह नॉर्मल नहीं है। यह लिवर की समस्या जैसे कोलेस्टेसिस या बाइल एसिड का रक्त में जमना का संकेत हो सकता है। जब लिवर कमजोर हो जाता है तब हथेलियां और पैर के तलवे में बहुत ज्यादा खुजली होता है। इसके साथ अगर आपको आंखों में पीलापन है, बहुत ज्यादा थकान रहती है या पेट के दाएं हिस्से में दर्द है तो सबसे पहले डॉक्टर को दिखाएं और एलएफटी टेस्ट जरूर कराएं। पिंडलियां और टखनेः अगर शाम होते होते पिंडलियां और टखने में बहुत ज्यादा खुजली होती है। खासतौर पर खड़े होने पर तो यह दो बड़ी प्रॉब्लम का सिग्नल हो सकता है। पहला है ब्लड शुगर का हाई होना। इस वजह से नसों में सूखापन और खुजली होती है। दूसरा कारण है पैर की नसों की कमजोर। आपके पैरों की नसें खून को ऊपर की तरफ खींचती हैं लेकिन जब ये नसें कमजोर हो जाती हैं तब खून वहीं रुकने लगता है जिससे वहां टॉक्सिन जमा होने लगता है इस वजह से वहां बहुत ज्यादा खुजली होती है। पीठ और बाजुओं का ऊपरी हिस्साः अगर आपकी पीठ और बाजुओं के ऊपरी हिस्से के पास लगातार खुजली हो रही है तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। यहां खुजली का मतब है कि आपकी किडनीकमजोर हो रही है।

# नॉर्मल ईसीजी और कोलेस्ट्रॉल के बाद भी बढ़ सकता है हार्ट अटैक का खतरा

आजकल की बदलती जीवनशैली में हार्ट अटैक के मरीज तेजी से बढ़े हैं। इसके पीछे मुख्य कारण, नसों में ब्लॉकेज और शरीर में बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल माना जाता है। ऐसे में इसे कंट्रोल करने के लिए लोग डाइट से लेकर दवाइयों का सहारा लेते हैं। जैसे ही लोगों का ईसीजी, ईको या कोलेस्ट्रॉल प्रोफाइल नार्मल आता है तो उन्हें लगता है कि उनका हार्ट हेल्दी है। लेकिन गुरुग्राम स्थित फोर्टिस हॉस्पिटल में डायरेक्टर और हेड कार्डियो थोरेसिक और वैस्कुलर सर्जन डॉक्टर महेश वाधवानी कहते हैं कि ऐसा नहीं है। डॉक्टर महेश वाधवानी के अनुसार, हार्ट अटैक एक दिन में नहीं आता है, इसका बिल्डअप सालों से हो रहा होता है। ऐसे में समय रहते इसका लक्षण पहचानना बहुत जरूरी है। डॉक्टर कहते हैं, ''कई बार लोगों ईसीजी और कोलेस्ट्रॉल चेक करा लेते हैं और मेरे पास आकर कहते हैं कि उनका रिपोर्ट तो नार्मल आया है लेकिन उनके छाती में दर्द हो रहा है ऐसे में जनाना जरूरी है कि ऐसा क्यों होता है? ईसीजी टेस्टः डॉक्टर महेश वाधवानी के अनुसार, ईसीजी में बदलाव अक्सर तभी दिखता है जब हार्ट में डैमेज हो। और हार्ट में डैमेज हमेशा हार्ट अटैक के बाद ही नजर आता है। ईसीजी का टेस्ट है बताता है कि अभी हार्ट अटैक हुआ है या पहले हुआ है। लेकिन भविष्य में आपको हार्ट अटैक होगा या नहीं वह यह नहीं बताता है। नार्मल ईसीजी केवल दिल की मौजूदा विद्युत गतिविधि और लय की जांच करता है। यानी अगर आपके नसों में 90 प्रतिशत ब्लॉक है तब भी आपका ईसीजी नार्मल आ सकता है। टीएमटी टेस्टः टीएमटी टेस्ट में अक्सर डर ही बढ़ता है। कई बार इसके रिपोर्ट में नसों में ब्लॉकेज नहीं होने के बाद भी पॉजिटिव आ सकता है।

# सही आहार और संतुलित जीवन शैली से पाएं मानसून में बेहतर स्वास्थ्य



आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की तरह ही होम्योपैथिक चिकित्सा शास्त्र भी वर्षा ऋतु में शरीर की आंतरिक कार्यप्रणाली और पाचन अग्नि में आने वाले बदलावों को अत्यंत महत्वपूर्ण मानता है। होम्योपैथी के मूल सिद्धांत 'समानता से इलाज' और 'व्यक्तिगत लक्षण' के अनुसार, मानसून के दौरान वातावरण में बढ़ी हुई नमी और ठंडी हवाएं हमारे शरीर के वाइटल फोर्स यानि मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देती हैं। यही कारण है कि बरसात में पाचन क्षमता स्वाभाविक रूप से कमजोर पड़ जाती है। ऐसे में गलत खान-पान सीधे तौर पर पेट के विकारों को न्योता देता है। जयपुर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. एन. सी. पंवार बताते हैं कि बरसात में अत्यधिक आर्द्रता के कारण पेट में गैस, अपच, ब्लोटिंग (पेट फूलना), एसिडिटी, दस्त और फूड पॉइजनिंग के मामले अचानक बढ़ जाते हैं। यदि ऐसे मौसम में तला-भुना, अत्यधिक तैलीय या मसालेदार भोजन किया जाए, तो कमजोर पाचन तंत्र उसे पचाने में असमर्थ हो जाता है। इसके विपरीत, ताजा, हल्का, सुपाच्य और गर्म भोजन लेने से पाचन तंत्र पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ता और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बनी रहती है। होम्योपैथिक और पोषण विशेषज्ञों की सलाह है कि बरसात में खान-पान पर विशेष नियंत्रण रखना चाहिए जैसे- मूंग दाल, मूंग-चावल की खिचड़ी, गेहूं या जौ का दलिया, पुराने चावल और साबूदाने का सेवन अत्यधिक लाभकारी है। लौकी, तुरई, परवल, टिंडा, पालक, मेथी और भिंडी को उबालकर या कम मसाले में पकाकर खाएं। गुनगुना पानी, अदरक-तुलसी की चाय, जीरे का पानी, सौंफ का पानी और नारियल पानी पाचन को दुरुस्त रखते हैं। पल्सेटिला (Pulsatilla): जब अत्यधिक तला-भुना, वसायुक्त (Fatty) या गरिष्ठ भोजन खाने के बाद पेट खराब हो जाए, भारीपन महसूस हो और प्यास बिल्कुल न लगे। नक्स भूमिका (Nux Vomica): अधिक मसालेदार भोजन, चाय-कॉफी या अनियमित दिनचर्या के कारण होने वाली एसिडिटी, पेट दर्द और अपच के लिए रामबाण औषधि। आर्सेनिक एल्बम (Arsenic Album): मानसून में दूषित पानी या बासी/दूषित भोजन (Food Poisoning) से होने वाले दस्त, उल्टी, पेट में जलन और घबराहट में अत्यंत कारगर।

# काला नमक और हींग को पेट के लिए माना जाता है अमृत समान, फायदे इतने कि जानकर हो जाएंगे हैरान




काला नमक और हींग का इस्तेमाल खाना बनाने के लिए किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं इनका एक साथ सेवन सेहत के लिए बेहद लाभकारी है। खासकर पेट से जुड़ी समस्याओं में ये काफी लाभप्रद माने जाते हैं। सुबह के समय खाली पेट काला नमक और हींग का पानी पीना काफी फायदेमंद माना गया है। चलिए जानते हैं इनका एक साथ सेवन सेहत से जुड़ी किन परेशानियों में कारगर है? पाचन करता है बेहतरः नमक और हींग दोनों ही पेट से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए जाने जाते हैं। ये आंत के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। इनका एक साथ सेवन पाचन संबंधी विकारों से प्रभावी रूप से निपटने में मदद कर सकता है। वजन कम करेः हींग और काले नमक का सेवन मेटाबॉलिज्म को बढ़ाकर वजन नियंत्रण में भी मदद कर सकता है। इस मिश्रण को अपने डाइट में शामिल करने से मोटापा कम करने में मदद मिलती है, खासकर उन लोगों के लिए जो अतिरिक्त वजन कम करना चाहते हैं। एसिडिटी और ब्लोटिंग से छुटकाराः अगर आप भी एसिडिटी और ब्लोटिंग की समस्या से पीड़ित हैं तो काला नमक और हींग का पानी पीना शुरू करें। हींग और काले नमक का मिश्रण ब्लोटिंग की समस्या को कम करने में मदद कर सकता है। ये तत्व एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी एजेंट से भरपूर होते हैं, जो सूजन और एसिडिटी की समस्याओं से प्रभावी रूप से निपट सकते हैं। मतली से राहतः मतली से राहत मतली से राहत के लिए काले नमक और हींग के मिश्रण की सलाह दी जाती है। उनके पाचन गुण पाचन प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं, जिससे उल्टी और मतली से राहत मिलती है। इन्हें गुनगुने पानी में मिलाकर पीने से तुरंत राहत मिलती है। बॉडी डिटॉक्सिफिकेशनः हींग और काले नमक का मिश्रण बॉडी डिटॉक्सिफिकेशन के लिए बेस्ट है और शरीर को डिटॉक्स करने में मदद करता है। गुनगुने पानी में दोनों की एक चुटकी मिलाकर पीने से शरीर की विषाक्तता को कम किया जा सकता है। फिर भी, इनके स्वास्थ्य लाभों पर उपलब्ध वैज्ञानिक प्रमाण सीमित हैं और इन्हें किसी बीमारी के उपचार का विकल्प नहीं माना जाना चाहिए।

# शकरकंद ठंडा है या गर्म? जानें सर्दियों में किन लोगों को ज़रूर करना चाहिए इसका सेवन?

शकरकंद की गिनती फलों और सब्जियों दोनों में की जाती है। यह सर्दियों के मौसम में खूब बिकता है। आपको जानकर हैरानी होगी लेकिन ये फल कई पोषक तत्वों से भरपूर है। इसे कॉर्बोहाइड्रेट और फाइबर का पावरहाउस भी कहा जाता है इसलिए, आलू की जगह शकरकंद खाना एक बेहतर विकल्प है। इसमें विटामिन ए की अच्छी मात्रा पाई जाती है। वहीं, इसका फाइबर भी मेटाबॉलिज्म को तेज करने में मददगार है। साथ ही इसमें कार्बोहाइड्रेट, जिंक और मैग्नीशियम जैसे तत्व भी होते हैं। लेकिन क्या आप जानते है इसकी तासीर ठंडा है या गर्म? जानते हैं शकरकंद खाने का सही तरीका पर उससे पहले जानते हैं शकरकंद की तासीर कैसी होती है। शकरकंद की तासीर गर्म होती है इसलिए आप आराम से इसे सर्दियों में खा सकते हैं। ये विटामिन सी से भरपूर होता है जो इम्यूनिटी मजबूत करता है और फ्लू जैसी समस्याओं से बचाव में मदद करता है। इसके अलावा ये शरीर में गर्मी देने का काम भी करता है। इम्यून को बनाए मजबूतः सर्दियों में शकरकंद का सेवन आपके लिए बेहद लाभकारी हो सकता है। इसके सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होगी। इसमें मौजूद विटामिन सी आपकी इम्यूनिटी को बढ़ाने में मदद करती है। डाइजेशन करे बेहतरः फाइबर से भरपूर यह शकरकंद का सेवन करने से डाइजेशन दुरुस्त होगा। अगर आपका खाना नहीं पच रहा है तो आप डाइट में इसको जरूर शामिल करें। आसानी से घटाए वजनः सर्दियों में लोगों को एक्सरसाइज करने में बहुत ज्यादा आलस आता है।

# धीरे वॉक करना आपकी सेहत पर पड़ सकता है भारी

फिटनेस के लिए वॉक जरूरी है। रोजाना वॉक करने के फायदे मिलते हैं, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि वॉक में आपकी स्पीड सेहत पर अलग अलग असर डालती है। आपकी वॉकिंग स्पीड से पता चलता है कि सेहत कैसी है? अगर आप बहुत धीरे रोजाना टहलते हैं तो इसके फायदे की जगह आपको नुकसान भी हो सकता है। जी हां लेटेस्ट स्टडी में खुलासा हुआ है कि धीरे वॉक करने से आपको कई साइड इफेक्ट्स झेलने पड़ सकते हैं। इसलिए वॉक के दौरान अपनी स्पीड का खास ख्याल रखें। एसोसिएशन ऑफ न्यूरोकॉग्निटिव एंड फिजिकल फंक्शन की एक स्टडी में बताया गया है कि अगर आपके चलने की स्पीड कम है तो आप समय से पहले बूढ़े हो सकते हैं। दूसरा स्लो स्पीड में वॉक करने से आपकी मसल्स पावर भी कमजोर होने लगती है। वहीं स्टडी में कहा गया है कि स्लो स्पीड में चलने वालों के मुकाबले जो लोग तेज चलते हैं वो ज्यादा हेल्दी रहते हैं। रिसर्च में कहा गया है कि जो लोग अच्छी स्पीड में चलते हैं उनकी कार्डियोवैस्कुलर स्लो चलने वालों के मुकाबले काफी मजबूत होता है। ऐसे लोगों में दिल की बीमारियों का खतरा भी कम होता है। तेज चलने से लंग्स फंक्शन में भी सुधार आता है।

# गर्म दूध और खजूर, सर्दियों में सेहत के लिए दमदार साबित होगा औषधीय गुणों से भरपूर ये कॉम्बिनेशन

सर्दियों के मौसम में इम्यूनिटी को मजबूत बनाए रखना बेहद जरूरी होता है वरना आप बार-बार बीमार पड़ सकते हैं। अगर आप भी अपनी सेहत को दमदार बनाए रखना चाहते हैं तो आपको गर्म दूध के साथ खजूर खाना शुरू कर देना चाहिए। गर्म दूध और खजूर, दोनों में पाए जाने वाले तमाम पौष्टिक तत्व आपकी सेहत के लिए वरदान साबित हो सकते हैं। आइए इस कॉम्बिनेशन के कुछ कमाल के फायदों के बारे में जानते हैं। सर्दियों में अक्सर पेट से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं। अगर आप भी गैस, कब्ज और एसिडिटी जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो खजूर और गर्म दूध को एक साथ कंज्यूम करना फायदेमंद साबित हो सकता है। दूध में फाइबर रिच खजूर मिलाकर पीने से आपकी गट हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव किया जा सकता है। कैल्शियम और प्रोटीन रिच खजूर और दूध आपकी बोन हेल्थ को काफी हद तक मजबूत बना सकता है। अगर आप जोड़ों के दर्द की समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो इस आपको इस कॉम्बिनेशन को जरूर ट्राई करके देखना चाहिए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि गर्म दूध और खजूर, आपकी ब्रेन हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकते हैं। खजूर और गर्म दूध को एक साथ कंज्यूम करने से आप अनिद्रा की समस्या से भी छुटकारा पा सकते हैं। दरअसल, इस कॉम्बिनेशन में पाए जाने वाले तमाम तत्व आपके माइंड को रिलैक्स करने में मददगार साबित हो सकते हैं। कुल मिलाकर गर्म दूध के साथ खजूर खाकर आप ताकतवर बन सकते हैं।

# रोज 1-2 पीस डार्क चॉकलेट खाने से क्या होता है? फायदे जान रह जाएंगे हैरान

डार्क चॉकलेट न केवल स्वाद में बेहतरीन होती है, बल्कि सेहत के लिए भी एक तरह का सुपरफूड मानी जाती है। नियमित रूप से इसका सेवन करने से कई तरह के फायदे होते हैं। रोजाना 1-2 पीस डार्क चॉकलेट खाने से शरीर में कई अद्भुत और सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। चॉकलेट का नाम सुनते ही अक्सर लोग इसे अनहेल्दी समझ लेते हैं, लेकिन अगर बात कम से कम 70% कोको वाली डार्क चॉकलेट की हो, तो यह स्वाद के साथ-साथ सेहत का खजाना साबित होती है। ऐसे में चलिए जानते हैं इसके फायदे। डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनॉयड्स नाम का एक शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह ब्लड वेसल्स को आराम पहुंचाता है, जिससे ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है और शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। रोज 1-2 पीस खाने से दिल की बीमारियों और स्ट्रोक का खतरा काफी हद तक कम हो जाता है। तनाव या चिड़चिड़ापन महसूस हो रहा हो? तो डार्क चॉकलेट आपका मूड तुरंत ठीक कर सकती है। इसे खाने से मस्तिष्क में एंडोर्फिन और सेरोटोनिन जैसे 'हैप्पी हार्मोन्स' रिलीज होते हैं। यह तनाव वाले हार्मोन 'कॉर्टिसोल' के स्तर को घटाकर डिप्रेशन और एंग्जायटी से राहत दिलाती है।

# सीने में जमे बलगम को गलाकर बाहर निकाल फेंकता है ये देसी काढ़ा



सर्दियों में ज्यादातर लोग खांसी-जुकाम से परेशान रहते हैं। जबकि ठंड के साथ बारिश भी हो रही है तो लोग वायरल बीमारियों और सर्दी खांसी की चपेट में तेजी से आ रहे हैं। साडी खांसी की वजह से बलगम सीने में जमा हो जाता है जिससे समस्या और भी ज्यादा बढ़ जाती है। कई बार सीने में जकड़न की वजह से सांस लेना भी मुश्किल हो जाती है। लंबे समय तक फेफड़ों में इन्फेक्शन होने पर निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। कई बार सीने में बलगम ऐसे जकड़ जाता है कि रात में चैन की नींद लेना भी मुश्किल हो जाता है।

अगर आपके सीने में भी बगलम जमा है और आप सर्दी खांसी की समस्या से परेशान है तो तुरंत इस काढ़ा को बनाकर पियें। इससे आपको काफी आराम मिलेगा। काढ़ा बनाने के लिए सबसे पहले एक भगोने लें। एक बड़े ग्लास में पानी भरकर भगोने में डाल दें। अब भगोने को गैस पर रख दें। अब इसमें 3 चम्मच अजवाइन और 2 लहसुन को डाल दें। कुछ देर बाद इसमें लौंग और काली मिर्च को भी कूटकर डाल दें। अब इस पानी को अच्छी तरह पकने दें। जब काढ़ा बॉईल होकर आधा हो जाए तब गैस का फ्लेम बंद कर दें। अब काढ़े को छान लें। अगर आप चाहे तो इसमें हल्का नमक भी मिला सकते हैं। साथ ही आपको गले के खिचखिच से आपको आराम मिलेगा।

# नए साल पर चाहते हैं बीमारियों से आजादी? अपनाएं पावर योग का फॉर्मूला, बूस्ट हो जाएगी इम्यूनिटी

कश्मीर में 'चिल्लई कलां' की शुरुआत हो गई है, पूरी घाटी बर्फ से ढकी हुई है और तापमान माइनस के नीचे जा चुका है। ग्लेशियर, नदियां, डल झील सब जम चुका है। मैदानी इलाकों में भी जमकर बारिश हो रही है और ओले गिरे हैं। सर्दी सितम ढाने की तैयारी में है। लेकिन इस बात की किसे फिक्र है क्योंकि ईयर एंड और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए पहाड़ों से बेहतर डेस्टिनेशन नहीं हो सकती। तभी झुंड के झुंड सैलानी पहाड़ों पर पहुंचने लगे हैं। लेकिन आप बर्फबारी-एक्स्ट्रीम वेदर का आनंद तो तभी ले पाएंगे, जब आपकी सेहत अच्छी होगी। कहने का मतलब ये है कि लंग्स पावरफुल होंगे, मसल्स फ्लेक्सिबल और स्ट्रॉन्ग होंगी, जॉइंट्स और बोन्स से जुड़ी कोई दिक्कत नहीं होगी, लुत्फ तो तभी उठा पाएंगे। चलिए हमारे साथ एक फिटनेस टेस्ट देने के लिए तैयार हो जाइए। अगर आपने इस टेस्ट को पास किया, तो आप पहाड़ों पर जा सकते हैं। ये टेस्ट नए साल में एंट्री का गेटपास भी है। इसलिए फटाफट सॉक्स और जूते ले आइए और शुरू हो जाइए। आपको ये जूते-सॉक्स खड़े-खड़े, बिना किसी सहारे के पहनने हैं। इस टेस्ट से आपको बॉडी बैलेंस, मसल्स-जॉइंट्स की स्ट्रेंथ के साथ-साथ फ्लेक्सिबिलिटी का भी पता चल जाएगा। अगर आप इस टेस्ट को पास नहीं कर पाए तो मामला गड़बड़ है और आपको मसल्स-बोन्स की फिटनेस पर ध्यान देने की जरूरत है। इसलिए फटाफट न्यू ईयर रिजॉल्यूशन में योग को शामिल कर लीजिए क्योंकि योग फ्लेक्सिबिलिटी के साथ ताकत भी बढ़ाता है।

रिजॉल्यूशन में योग, दूर लाइफ स्टाइल रोग
थायरॉइड
आर्थराइटिस
हाइपरटेंशन
डायबिटीज
हार्ट डिजीज
लिवर प्रॉब्लम
लंग्स प्रॉब्लम
ओबेसिटी
दुनिया भर में लाइफ स्टाइल रोगों से 74% मौत
भारत में लाइफ स्टाइल डिजीज से 66% मौत

हेल्दी लाइफस्टाइल
जल्दी उठें
योग करें
हेल्दी डाइट लें
तला-भुना न खाएं
पूरी नींद लें
दिन में 4 लीटर पानी पिएं

स्वस्थ शरीर पाएं, क्या खाएं?
खाना गर्म और फ्रेश खाएं
भूख से कम खाना खाएं
खाने में भरपूर सलाद शामिल करें
मौसमी फल जरूर खाएं
खाने में दही-छाछ शामिल करें



# गणेश नगर (वार्ड 72) में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात का 136वां संस्करण



उदयपुर। गणेश नगर स्थित वार्ड नंबर 72 के आदर्श नगर सामुदायिक भवन में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें संस्करण को सामूहिक रूप से उत्साहपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रेरक विचारों के माध्यम से कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश की रक्षा में अदम्य साहस और सर्वस्व बलिदान देने वाले वीर जवानों को नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में राष्ट्र हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर देशवासियों का मार्गदर्शन किया:

रक्षा क्षेत्र व आत्मनिर्भरता : आत्मनिर्भर भारत के तहत तेजी से बढ़ती देश की रक्षा शक्ति और तकनीकी आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डाला।

पर्यावरण व जल संरक्षण : प्रकृति संरक्षण, जल संचयन और 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियानों के माध्यम से पर्यावरण संतुलन का संदेश दिया।

युवा शक्ति व अंतरिक्ष विज्ञान : खेल, शिक्षा, विज्ञान और अंतरिक्ष (Space) के क्षेत्र में भारत के युवाओं की ऐतिहासिक और उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की।

वोकल फॉर लोकल व महिला सशक्तिकरण: पारंपरिक हस्तशिल्प और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने (वोकल फॉर Local) के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण और जनभागीदारी से समृद्ध राष्ट्र निर्माण की बात कही। सामूहिक श्रवण के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देश के करोड़ों नागरिकों को एक साझा उद्देश्य और सकारात्मकता से जोड़ने का एक अत्यंत सशक्त माध्यम बन चुका है। यह हर नागरिक में राष्ट्र प्रथम की भावना जगाकर विकसित भारत 2047 के निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए निरंतर प्रेरित करता है।

कार्यक्रम में ये प्रमुख कार्यकर्ता रहे उपस्थित : इस सामूहिक कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी और युवा मोर्चा के कई प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से-के.के. कुमावत (जिला प्रवक्ता, भारतीय जनता पार्टी), नरेश वैष्णव 'गुड्डू' (पूर्व जिला महामंत्री, BJYM), चेतन वैष्णव (युवा मोर्चा), प्रिंस जैन (भाग प्रमुख), भरत वैष्णव, कैलाश लक्षकार, प्रेम चित्तौड़ा, जगदीश पालीवाल और ललित दाहिमा सहित अनेक स्थानीय कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आमजन को जागरूक करने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का 'मन की बात' कार्यक्रम केवल संवाद का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन, जनभागीदारी और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी मंच बन चुका है। इससे लोगों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा मिलती है तथा समाज में अच्छे कार्यों के प्रति सम्मान की भावना विकसित होती है।

## असम में बाढ़ से कैसे हैं हालात? मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 66 हुआ, 6.50 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

गुवाहाटी। असम के लोग बाढ़ से प्रभावित हैं लेकिन अब हालात में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। रविवार को कई इलाकों में बारिश नहीं होने की वजह से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में ये पाया गया है कि जलस्तर घटा है। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि अभी भी 6.50 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं और ये लोग 6 जिलों से संबंधित हैं। इस साल बाढ़ की वजह से 66 लोगों ने अपनी जान गंवाई है।

बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित जिला शिवसागर है। यहां करीब 2.90 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। चराइदेव में 1.90 लाख और जोरहाट में 1.30 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित बताए जा रहे हैं। बीते 24 घंटे में बाढ़ से 4 और लोगों ने अपनी जान गंवाई है। शिवसागर में तीन और चराइदेव में एक मौत हुई है। इस तरह बाढ़ से मरने वालों की संख्या 66 पहुंच चुकी है और आशंका है कि आने वाले समय में ये आंकड़ा बढ़ सकता है। राज्य में बाढ़ की स्थिति के दौरान चल रहे राहत कार्यों के बारे में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, "मैं असम के सभी बीजेपी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि वे बाढ़ राहत कार्यों में शामिल हों।"

# प्रधानमंत्री के मन की बात से समाज को मिलती है नई प्रेरणा : जवाहर सिंह बेढ़म



डीग। गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने रविवार को बृजनगर स्थित बूथ संख्या 182 पर कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 136वें एपिसोड का श्रवण किया।

इस अवसर पर गृह राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम समाज में सकारात्मक सोच, जनभागीदारी एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करने वाला प्रेरणादायी मंच बन चुका है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा साझा किए गए विचार प्रत्येक नागरिक को राष्ट्रहित में अपना सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, पराक्रम एवं राष्ट्रभक्ति को स्मरण किया।

साथ ही आत्मनिर्भर भारत की सशक्त होती रक्षा क्षमता का उल्लेख करते हुए आईएनएस महेंद्रगिरि तथा पिनाका मिसाइल प्रणाली जैसी स्वदेशी उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया, जो देश की बढ़ती सामरिक शक्ति एवं तकनीकी आत्मनिर्भरता का प्रतीक हैं। बेढ़म ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में 'कैच द रेन' अभियान, जल संरक्षण एवं मध्यप्रदेश में जनसहभागिता से निर्मित चार हजार तालाबों जैसे प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रत्येक नागरिक से वर्षा जल संरक्षण को जन आंदोलन का स्वरूप देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकार का दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है और सभी को भविष्य की पीढ़ियों के लिए जल बचाने का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने प्रधानमंत्री के संदेशों को राष्ट्रहित एवं जनकल्याण की दिशा में प्रेरणादायी बताते हुए उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# 'पेपर लीक पर कल लाएंगे कठोर कानून', छात्रों के मुद्दे पर पीएम मोदी ने फिर से जारी किया एक और नया वीडियो



पेपर लीक को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक और नया वीडियो संदेश जारी किया है। पीएम ने कहा कि पेपर लीक पर कल (सोमवार) कठोर कानून लाएंगे। नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में परीक्षा सुधारों पर एक सशक्त कार्य-दल का गठन किया गया है। पीएम मोदी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम, फेसबुक और एक्स पर ये वीडियो संदेश जारी किया गया है। पीएम ने ये वीडियो भी मोबाइल के सेल्फी कैमरे से रिकॉर्ड किया है। पीएम ने पेपर लीक के मुद्दे पर बोलते हुए पीएम ने कहा, 'फ्रेंड्स विद्यार्थियों के भविष्य के लिए भारत सरकार लगातार अनेक कदम उठा रही है।

जिन लोगों ने विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। वे जेलों में सड़ रहे हैं।' पीएम ने कहा, 'हम फास्ट ट्रैक कोर्ट बना चुके हैं। हम कल पार्लियामेंट के अंदर भी कठोर कानूनों के प्रावधान के साथ नया कानून बनाने की दिशा में भी आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन हमें भविष्य के लिए सोचना है। हमारी परीक्षा पद्धति विश्वस्त हो। हमारी परीक्षा पद्धति ट्रांसपैरेंट हो। हमारी परीक्षा पद्धति में सबसे ज्यादा टेक्नोलॉजी का उपयोग हो।' पीएम मोदी ने आगे कहा, 'इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए विश्व प्रसिद्ध टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में एक हाई पावर टास्क फोर्स बनाने का निर्णय किया है।

# पीएम मोदी का Gen-Z के साथ संवाद, कहा- 'हमारे देश में सामूहिकता की परंपरा'




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2026 (Viksit Vibrant Village Program) के प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। Gen-Z के साथ संवाद के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि हमारे देश में सामूहिकता की परंपरा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित गांव प्रोग्राम 2026 के प्रतिभागियों से जुड़े और देश के कोने-कोने से युवाओं से संवाद किया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'विकसित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2026' में हिस्सा लेने वालों से बातचीत करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'आज का कार्यक्रम वाकई खास है। देशभर के लगभग 250 जिलों के युवा इस कार्यक्रम में शामिल हुए। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूं। कुछ साल पहले हमने 'मेरा युवा भारत' (MY Bharat) प्लेटफ़ॉर्म शुरू किया था। आज देश भर के करोड़ों युवा इससे जुड़े हैं और MY Bharat के वॉलंटियर्स पूरे देश में सराहनीय काम कर रहे हैं।' पीएम मोदी ने कहा, 'विकसित भारत संवाद से लेकर वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम तक, आप सभी ने अपनी काबिलियत को शानदार ढंग से दिखाया है। विकसित भारत युवा लीडर्स संवाद के दौरान मैंने युवाओं के साथ एक विचार साझा किया था। वह विचार यह था: क्यों न युवा वर्चुअल माध्यमों से आगे बढ़कर जमीनी स्तर पर उतरें। भारत को जानने, उससे जुड़ने, भारत में जीवन का अनुभव करने और देश को सही मायने में समझने के लिए? गांवों में जाकर ही वहां विकास की अपार आकांक्षाओं का पता चलता है।' राष्ट्र-निर्माण के लिए Gen-Z की नई परिभाषा बताते हुए कार्यक्रम में शामिल युवा दिव्यांशु जोशी ने कहा, 'प्रधानमंत्री जी, सभी MY भारत वॉलंटियर्स की ओर से मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि विकसित भारत का जो विजन आपने देखा है और हमें सौंपा है, उसे पूरा करने के लिए Gen-Z पूरी तरह समर्पित रहेगा। हमारे लिए Gen-Z का मतलब है राष्ट्र-निर्माण है। दिव्यांशु जोशी ने कहा, 'Gen Z का मतलब है चरित्र-निर्माण। Gen Z सेवा का पर्याय है। Gen Z इनोवेशन का प्रतिनिधित्व करता है। यानी Gen Z का मतलब है 'राष्ट्र सर्वोपरि' (Nation First)। उन्हें विकसित भारत की यात्रा में सक्रिय भागीदार बनाया जाता है।

# धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर बोले कैलाश विजयवर्गीय-'बांग्लादेश-श्रीलंका जैसी हिंसा की साजिश नाकाम'



मध्य प्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के आंदोलन के पहले ही दिन धर्मेंद्र प्रधान ने पार्टी अध्यक्ष के सामने इस्तीफे की पेशकश कर दी थी, लेकिन उस समय नेतृत्व ने उन्हें मना कर दिया था। विजयवर्गीय के अनुसार, जब CJP का आंदोलन शुरू हुआ था, तब धर्मेंद्र प्रधान ने संगठन के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए पार्टी अध्यक्ष से कहा था कि अगर आपको लगता है तो मैं तुरंत इस्तीफा दे देता हूं। हालांकि, उस समय भाजपा नेतृत्व ने उन्हें इस्तीफा देने से मना कर दिया था। लेकिन बाद में परिस्थितियां बदलने पर पार्टी ने फैसला लिया और प्रधान ने तुरंत इस्तीफा दे दिया। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से विदेशी ताकतों को जो देश में बांग्लादेश श्रीलंका की तरह हिंसा करना चाहती थी उनके मंसूबे खत्म हो गए। उन्होंने कहा, 'जो विदेशी ताकते भारत में बांग्लादेश और श्रीलंका जैसा माहौल बनाना चाहती थीं और हिंसा भड़काना चाहती थीं, धर्मेंद्र जी के इस्तीफे से उनके सारे इरादे खत्म हो गए। देश में अराजकता, अस्थिरता पैदा की साजिश नाकाम हो गई है।' विजयवर्गीय ने कहा, 'धर्मेंद्र प्रधान जी ने जो काम किया है मैं उनके लिए बधाई देता हूं। उन सबके मंसूबे खत्म दिए जो विदेशी ताकते यहां पर विदेशी ताकते यहां पर अस्थिरता पैदा करना चाह रहे थे।


# कर्नाटक के पूर्व सीएम सिद्दारमैया का ऐलान, 2028 का विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे



बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर 2028 का कर्नाटक विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। उनकी इस घोषणा से समर्थकों में मायूसी देखने को मिली क्योंकि कई लोगों ने उनसे राजनीति में कम से कम एक दशक और सक्रिय रहने की अपील की थी। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि राजनीतिक जीवन के 50 साल सक्रिय रहने के बाद अब वह सक्रिय राजनीति से किनारा करेंगे लेकिन समाजसेवा में सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे। हालांकि, समर्थकों की अपील के बाद भी सिद्दारमैया अपने फैसले पर अडिग रहे और संकेत दिया कि 2028 का चुनाव उनके चुनावी राजनीतिक सफर का आखिरी पड़ाव नहीं बल्कि उससे पहले ही वह चुनावी राजनीति से संन्यास ले लेंगे। सिद्दारमैया ने यह बात मांड्या में आयोजित दिवंगत केआर पेटे कृष्णा की जयंती कार्यक्रम के दौरान कही। कार्यक्रम में मौजूद समर्थकों ने उनसे अपना फैसला बदलने का आग्रह किया और भविष्य में भी चुनाव लड़ते रहने की अपील की लेकिन उन्होंने दोहराया कि वह 2028 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं होंगे। उनके इस बयान को कर्नाटक की राजनीति में एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। कर्नाटक विधानसभा में कुल 224 निर्वाचित सीटें हैं।

# दिल्ली भाजपा प्रमुख हर्ष मल्होत्रा ने पेपर लीक मामले पर 'आप' के 'दोहरे रवैये' पर सवाल उठाए

**भाजपा का हमला, पेपर लीक पर 'आप' की कथनी और करनी पर उठाए सवाल**



नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं पर निशाना साधा। उन्होंने पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करने को लेकर 'आप' के 'दोहरे रवैये' की आलोचना की और आरोप लगाया कि पार्टी ने पंजाब में सामने आए हाईटेक नकल रैकेट पर आंखें मूंद ली हैं, जहां उनकी सरकार है। उन्होंने 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगी मनीष सिसोदिया पर खास तौर पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वे दिल्ली के जंतर-मंतर पर छात्रों के आंदोलन को 'हाईजैक' करने की कोशिश कर रहे थे। छात्रों के विरोध-प्रदर्शन के बीच प्रधान के इस्तीफे के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मल्होत्रा ने कहा, दुर्भाग्य से, अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया जैसे नेताओं का दोहरा रवैया सबके सामने है, जो इस आंदोलन को हाईजैक करने की कोशिश कर रहे थे। सिर्फ 10 दिन पहले, जब पंजाब में फार्मास्युटिकल परीक्षा का पेपर लीक हुआ था, तब वे देश के शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे थे।

19 जुलाई को पंजाब पुलिस और बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (बीएफयूएचएस) की फ्लाइंग स्क्वाड ने फार्मेसी ऑफिसर भर्ती परीक्षा के दौरान एक हाईटेक अंतरराज्यीय नकल रैकेट का पर्दाफाश किया था। हर्ष मल्होत्रा ने कहा, "पंजाब में तो उनकी अपनी सरकार है, और इसके बावजूद वहां भी पेपर लीक हो गया। वहां पुलिस ने छात्रों की बेरहमी से पिटाई की, छात्रों को गंभीर चोटें आईं और फिर भी इस बारे में कोई बयान नहीं दिया गया।" उन्होंने कहा कि मनीष सिसोदिया ने जंतर-मंतर पर कहा था कि अगर पंजाब में ऐसी कोई घटना होती है, तो 'आप' वहां संबंधित मंत्री और मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग करेगी। उन्होंने कहा, मैं बस अरविंद जी और मनीष जी को उनका छह दिन पुराना बयान याद दिलाना चाहता हूं। उन्हें अब पंजाब के शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग भी करनी चाहिए क्योंकि वहां उनकी सरकार है।

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि कुछ 'शरारती तत्वों' ने दिल्ली में छात्रों के आंदोलन को हाईजैक करने की कोशिश की, जिसे उन्होंने 'दुर्भाग्यपूर्ण' बताया।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए मुद्रक ताराचन्द कुमावत महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नं 17, माँ वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर - 302012 ( राजस्थान) से मुद्रित व 1053, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली, राजस्थान - 306401 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा) समाचार चयन के लिए पी.आर.पी. एक्ट के तहत जिम्मेदार I RNI No. - RJMUL/26/A4290 प्रबंध सम्पादक - प्रदीप सिंह, मो . 9983831415